हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 7, अंक: 270, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 25 मार्च, 2023 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

## आप लोग भले ही मुझे प्रधानमंत्री बोलें लेकिन मोदी तो खुद को आपका सेवक ही मानता है

### काशी के विकास की चर्चा आज पूरे देश और दुनिया में हो रही : मोदी

वाराणसी। करीब चार माह बाद चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर पहुंचें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए काशीवासियों से अपना नाता जोड़ा। हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ भोजपुरी में भाषण की शुरूआत करने वाले पीएम मोदी ने कहा कि आज केंद्र में जो सरकार है। यूपी में जो सरकार है वो गरीब की चिंता करने वाली सरकार है, गरीब की सेवा करने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि आप लोग भले ही मुझे प्रधानमंत्री बोलें लेकिन मोदी तो खुद को आपका सेवक ही मानता है। उन्होंने कहा कि काशी के विकास की चर्चा आज पूरे देश और दुनिया में हो रही है। जो भी काशी आ रहा है वो यहां से नई ऊर्जा लेकर जा रहा है। मुझे देश-विदेश में मिलने वाले लोग बताते हैं कि वो किस तरह विश्वनाथ धाम के पुनर्निर्माण से मंत्रमुग्ध हैं। पीएम मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ डॉ संपूर्णानंद विश्वविद्यालय के मैदान में बने मंच पर दोपहर 1.12 बजे पहुंचे। 1780 करोड़ रुपये की 28 परियोजनाओं का लोकापर्ण और शिलान्यास किया। जनसभा में मौजूद हजारों की भीड़ ने हर-हर महादेव और



जय श्री राम के जयघोष से पीएम का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भाषण की शुरूआत करते हुए कहा कि नवरात्रि का पुण्य समय है, आज मां चंद्रघंटा की पूजा का दिन है। ये मेरा सौभाग्य है इस पावन अवसर पर आज मैं काशी की धरती पर आप सब के बीच हूं। आज काशी में पुरातन और नूतन दोनों स्वरूपों के दर्शन एक साथ हो रहे हैं। मां चंद्रघंटा के आशीर्वाद से आज बनारस की सुख-समृद्धि में एक और अध्याय जुड़ रहा है। आज यहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप-वे का शिलान्यस किया गया है। अब जो ये रोप-वे यहां बन रहा है, इससे काशी की सुविधा और आकर्षण दोनों बढ़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि अब गंगा के दोनों तरफ पर्यावरण से जुड़ा बड़ा अभियान शुरू होने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले बैंकों में खाता खोलने में भी पसीने छूट जाते थे। बैंकों से ऋण लेना तो गरीब परिवार सोच भी नहीं सकता था। आज गरीब से गरीब परिवार के पास भी जनधन बैंक खाता है। उसके हक का पैसाङ्क सरकारी मदद आज सीधे बैंक खाते में आती है। पीएम मोदी ने कहा कि विकास का जो रास्ता हमने चुना है, उसमें सुविधा भी है और संवेदना भी है। इस क्षेत्र में एक चुनौती पीने के पानी की भी रही है। आज यहां पीने के पानी से जुड़ी अनेक परियोजनाओं का लोकापर्ण हुआ है और नई परियोजनाओं पर काम भी शुरू हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि गंगा के दोनों तरफ पांच किमी के हिस्से में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए इस वर्ष के बजट में भी ऐलान किए गए हैं। काशी में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत जो काम हो रहे हैं, उनसे भी सुविधाएं बढ़ेंगी और आने-आने के साधन बेहतर हो जाएंगे।

बाबतपुर हवाई अड्डे पर नए एटीसी टावर का लोकार्पण हुआ है। रोड हो, पुल हो, रेल हो, एयरपोर्ट हो, कनेक्टिविटी के तमाम नए साधनों ने काशी आना-जाना बहुत आसान कर दिया है, लेकिन अब हमें एक कदम और आगे बढ़ना है। पीएम मोदी ने कहा कि कल यानी 25 मार्च को योगी आदित्यनाथ की दूसरी पाली का पहला साल पूरा होने जा रहा है। दो/तीन दिन पहले ही योगी आदित्यनाथ ने यूपी में सबसे ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड भी बनाया है। मंच पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल , कैबिनेट मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक,नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल, राज्यमंत्री डॉ. दया शंकर मिश्र दयालु, विधायक नीलकण्ठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ अवधेश सिंह, टीराम, डॉ सुनील पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या मौजूद रहे।

### सदस्यता खत्म करने के लिए विपक्षी नेताओं को बनाए जा रहा निशाना : अखिलेश यादव

ग्रेटर नोएडा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार विपक्षी नेताओं की सदस्यता समाप्त करने के लिए लगातार उन्हें निशाना बना रही है। उनके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। सपा नेता आजम खान उनके बेटे अब्दुल्ला की सदस्यता समाप्त हो चुकी है। इरफान सोलंकी को भी फसाया गया है ।सिटिंग एमएलए और पार्टी के नेताओं को फसाया जा रहा है। अब कांग्रेस के बड़े नेताओं को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा नेता बयानबाजी करते हैं समय आने पर इनमें से किसी की भी सदस्यता नहीं बचेगी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार महंगाई, रोजगार, महंगी बिजली, सिलेंडर की बढ़ती कीमतें, किसान की आमदनी दोगुना करने, देश का पैसा लूट कर बाहर भागने वालों पर बहस करने से बच रही है लेकिन जनता सब जानती है और समय आने पर जवाब देगी। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में फर्जी एनकाउंटर हो रहे हैं जब समय आएगा तो इसकी जांच कराकर अधिकारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी । भारतीय जनता पार्टी ने संविधान की हत्या की है । उधर, निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर सपा नेता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से न्याय जरूर मिलेगा।

## सरकारी कर्मचारियों की पेंशन से संबंधित मुद्दों में हो सकता है बदलाव

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन से संबंधित मुद्दों पर गौर करने और राजकोषीय सावधानी बनाए रखते हुए कर्मचारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए एक समिति गठित करने का प्रस्ताव दिया है। वित्त विधेयक 2023 को विचार और पारित करने के लिए लोकसभा में पेश करते हुए, वित्त मंत्री ने कहा कि आरबीआई उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत विदेशी दौरों के लिए क्रेडिट कार्ड भुगतान से संबंधित मुद्दों पर गौर करेगा। सीतारमण ने कहा कि उन्हें ऐसे अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं कि सरकारी कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है।




वित्त मंत्री ने कहा, "मैं पेंशन के इस मुद्दे को देखने के लिए वित्त सचिव के तहत एक समिति गठित करने का प्रस्ताव पेश करती हूं और एक दृष्टिकोण विकसित करती हूं, जो आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए राजकोषीय सावधानी बनाए रखते हुए कर्मचारियों की आवश्यकता को संबोधित करेगा। यह दृष्टिकोण केंद्रीय और राज्य सरकार दोनों द्वारा अपनाने के लिए डिजाइन किया जाएगा।" केन्द्रीय मंत्री ने आगे कहा कि यह देखने में आया है कि क्रेडिट कार्ड के माध्यम से विदेश दौरों के लिए भुगतान करने की प्रक्रिया एलआरएस के तहत नहीं लिया जा रहा है और ऐसे भुगतान स्त्रोत टैक्स संग्रह से बच जाते हैं। उन्होंने घोषणा की, "आरबीआई से अनुरोध किया जा रहा है कि विदेशी दौरों के लिए क्रेडिट कार्ड भुगतान को एलआरएस के दायरे में लाने और स्त्रोत को टैक्स संग्रह करने की दृष्टि से देखा जाए।" इस दौरान अदाणी समूह की कंपनियों के खिलाफ आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग को लेकर कई विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच नारेबाजी कर रहे थे।

### देश में लगातार तीसरे दिन एक हजार से अधिक आए नए मामले, 7927 पहुंचे एक्टिव केस

नई दिल्ली। देश में कोरोना एक बार फिर अपना कहर बरपा रहा है। बीते कई दिनों से लगातार कोरोना के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। भारत में पिछले तीन दिनों से लगातर कोरोना संक्रमण के हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, आज भी कोरोना के नए मामले एक हजार से अधिक रिकॉर्ड किए गए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज कोरोना के आंकड़े जारी किए। जिसके अनुसार, देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के वायरस के 1,249 नए मामले सामने आए हैं। वहीं कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 7 हजार 927 हो गई है। तो वहीं कोरोना वायरस से कर्नाटक और गुजरात में एक-एक मौत हुई। जिसके मुताबिक देश में अब तक कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5 लाथ 30 हजार 818 हो गई है।

## मांडविया ने किया वन वर्ल्ड टीबी समिट को संबोधित, कहा- 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लिए हो रहा काम

नई दिल्ली। विश्व टीबी दिवस हर साल 24 मार्च को मनाया जाता है। विश्व TB दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को टीबी के बारे में बताने के साथ यह जानकारी भी दी जाए कि टीबी का उनके स्वास्थ्य, समाज पर क्या असर पड़ रहा है। बता दें कि फेफड़े की टीबी (एक्सटेंसिव प्लमोनरी टीबी) मरीजों के लिए जानेलवा साबित हो रही है। इससे हर साल 5 से 7 प्रतिशत मरीजों की जान जा रही है। चिंता की बात यह है कि इसके मरीज दोनों फेफड़े खराब होने के बाद बीआरडी में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 'वन वर्ल्ड टीबी समिट' में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज विश्व टीबी दिवस है और जब भी हम इस बारे में बात करते हैं तो हम हमेशा इस बीमारी पर जीत के बारे में सोचते हैं। जन-भागीदारी की भावना के साथ,




पीएम 2030 के वैश्विक लक्ष्य से पांच साल पहले, 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। विश्व टीबी दिवस हर साल 24 मार्च को ट्यूबरकुलोसिस के हानिकारक प्रभाव, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने और वैश्विक टीबी महामारी को समाप्त करने के लिए मनाया जाता है। बता दें कि 24 मार्च 1882 को डॉ रॉबर्ट कोच ने टीबी का कारण बनने वाले जीवाणु की खोज की थी। जो इस बीमारी के निदान और इलाज की दिशा में एक नया कदम था। टीबी एक गंभीर संक्रामक रोग है जो मुख्य रूप से लोगों के फेफड़ों को प्रभावित करता है। ट्यूबरकुलोसिस का कारण बनने वाले जीवाणु खांसी और छींक के माध्यम से हवा में छोड़ी गई छोटी बूंदों के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलते हैं।

## भारत-नेपाल बॉर्डर पर अमृतपाल-पपलप्रीत के लगे पोस्टर, खुफिया विभाग अलर्ट

सोनौली। नेपाल भागने की आशंका को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा सोनौली पर अमृतपाल और पपलप्रीत के पोस्टर लगे हैं। पंजाब से फरार चल रहे 'वारिस पंजाब दे' के अमृत पाल सिंह की तलाश में भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। सोनौली बॉर्डर पर अमृतपाल और पपलप्रीत के पोस्टर लगाए गए हैं। सशस्त्र सीमा बल और पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। भारत से नेपाल आने जाने वाले वाहनों और यात्रियों की सघन जांच की जा रही है। वहीं होटलों, बस पार्क और सार्वजनिक स्थलों पर भी पुलिस की पैनी नजर बनी है। बताया जा रहा है कि अमृतपाल 19 मार्च की रात को हरियाणा के शाहाबाद आया था और वहां से अपने सहयोगी पपलप्रीत के साथ फरार हो गया। अमृतपाल जब से फरार हुआ है, उसने न केवल हुलिया बदला, बल्कि वाहन भी बदल रहा है। इसको लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह चौकन्ना हैं। सरहद के सभी नाको पर जवान सतर्कता बरत रहे हैं। सीमा पर खुफिया विभाग दो दिन से ही अलर्ट




पर है, वहीं भारतीय खुफिया विभाग नेपाल प्रसासन को अलर्ट कर दिया है। पोखरा, काठमांडों के रास्तों पर नेपाल पुलिस की भी पैनी नजर है। कुछ महीने पहले ही भारतीय खुफिया विभाग ने अलर्ट किया जारी किया था। बांग्लादेश, पाकिस्तान के आतंकी संगठन, खालिस्तान विद्रोहियों से मिल कर नेपाल में भारत के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। सोनौली ही नहीं बल्कि महराजगंज जिले से लगी 84 किलोमीटर की सीमा पर सभी नाको पर अमृतपाल और पपलप्रीत की तस्वीरें चस्पा कर दी गई हैं। सोनौली प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि जब से अमृतपाल सिंह के लिए लुकआउट नोटिस जारी किया गया है, तभी से सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। एजेंसी अलर्ट मोड पर हैं।

## रिजिजू बोले: राहुल ने लोकतंत्र का अपमान किया, लेकिन इसके लिए सभी गांधी सरनेम वालों को दोष नहीं दे सकते

नई दिल्ली। 'मोदी सरनेम' विवाद में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद देश की सियासत गर्म हो गई है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। जहां, कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश बताया तो भाजपा ने भी पलटवार किया।

केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने इसको लेकर राहुल गांधी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सभी गांधी उपनाम वालों को केवल इसलिए दोष नहीं दिया जा सकता क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय लोकतंत्र, सशस्त्र सेना और देश की संस्थानों का 'अपमान' किया है। केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट करके राहुल पर निशाना साधा। लिखा, 'हम सभी गांधी उपनाम वालों को दोष नहीं दे सकते हैं क्योंकि राहुल गांधी ने भारतीय लोकतंत्र, हमारे सशस्त्र बलों और भारतीय संस्थानों का अपमान किया है। राहुल गांधी ने



बहुत ही अपमानजनक टिप्पणी की और पूरे ओबीसी समुदाय को अपमानित किया। आश्चर्यजनक रूप से कुछ कांग्रेस नेता इसका बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं।' इसके पहले गुरुवार को रिजिजू ने कहा था कि गांधी की टिप्पणी से कांग्रेस को नुकसान हुआ है। राहुल की वजह से पूरी कांग्रेस पार्टी की किस्मत डूब रही है। 2019 लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक के कोलार में एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है? इसी को लेकर भाजपा विधायक व गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि राहुल ने अपनी इस टिप्पणी से समूचे मोदी समुदाय का मान घटाया है। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने 2019 के आम चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में आयोजित जनसभा में इस मामले से जुड़ी टिप्पणी की थी।

## सीबीआई, ईडी के दुरुपयोग का आरोप, 14 पार्टियों की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सीबीआई, ईडी के दुरुपयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट आगामी पांच अप्रैल को सुनवाई करेगा। बता दें कि 14 राजनीतिक पार्टियों ने इसे लेकर याचिका दायर की थी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की प्रवष्टियों को नोटिस करते हुए याचिका पर सुनवाई के लिए पांच अप्रैल की तारीख तय की है। बता दें कि याचिका दाखिल करने वाली राजनीतिक पार्टियों में डीएमके, भारत राष्ट्र समिति, तृणमूल कांग्रेस भी शामिल हैं। याचिका में मांग की गई है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों जैसे सीबीआई और ईडी द्वारा गिरफ्तारी के लिए गाइडलाइंस जारी करने की मांग की है। सिंघवी ने कहा कि 95 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं। हम चाहते हैं कि गिरफ्तारी से पहले और गिरफ्तारी के बाद के लिए गाइडलाइंस जारी की जाएं। पीठ में जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला भी शामिल थे। यूपी निकाय चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई टल गई है। अब सुप्रीम कोर्ट 27 मार्च को इस मामले पर सुनवाई करेगा। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर मेयर और अध्यक्ष की सीटों का आरक्षण किया जाना है। हाईकोर्ट के आदेश पर उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें पिछड़ों को आरक्षण देने का फामूर्ला दिया है। राज्य सरकार ने इसी रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत कर चुनाव कराने की अनुमति मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को निर्देश दिया है कि सभी दोषी और विचाराधीन कैदियों, जिन्हें कोरोना महामारी के दौरान जेलों से रिहा किया गया था, उन्हें 15 दिनों के भीतर आत्मसमर्पण करना होगा। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने ये भी कहा कि विचाराधीन कैदी, जिन्हें महामारी के दौरान इमरजेंसी की हालत में रिहा किया गया था, अब संबंधित अदालत में जमानत पर रिहा करने की याचिका दाखिल कर सकते हैं।

## राहुल गांधी की संसदीय सदस्यता रद्द, 'मोदी सरनेम' पर टिप्पणी पड़ी भारी

नई दिल्ली। मानहानि केस में सजा मिलने के बाद कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को एक और झटका लगा है। उनकी लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी गई है। राहुल गांधी को दो साल की सजा मिली थी। केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को उनकी 'मोदी सरनेम' टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद लोकसभा सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। सूरत की कोर्ट ने मानहानि के एक मामले में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी। उन्होंने पूरे मोदी समाज को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया था। इसी कारण उन्हें कोर्ट ने दोषी माना। कोर्ट ने हालांकि सजा को एक महीने के लिए रोक दिया है ताकि वह ऊपर के कोर्ट में अपील कर सकें, लेकिन उनकी दोषसिद्धि को नहीं रोका है। उनको कोर्ट ने बेल भी दे दी है। राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में 13 अप्रैल, 2019 को चुनावी रैली में विवादित टिप्पणी की थी। कांग्रेस नेता ने कहा था, "नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी का सरनेम कॉमन क्यों है? सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है?" राहुल के इस बयान को लेकर बीजेपी विधायक पूर्णेश मोदी ने उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला



दर्ज कराया था। अपनी इस शिकायत में BJP MLA ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस नेता ने पूरे मोदी समुदाय को कथित रूप से यह कहकर बदनाम किया कि सभी चोरों का सरनेम मोदी होता है?

**जरूरत पड़ी तो जाएंगे जेल**- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा उन्हें अयोग्य ठहराने के सभी तरीके आजमाए। जो सच बोल रहे हैं उन्हें वो रखना नहीं चाहते, लेकिन हम सच बोलते रहेंगे। हम जेपीसी की मांग जारी रखेंगे, जरूरत पड़ी तो लोकतंत्र बचाने के लिए जेल जाएंगे।

**भारतीय लोकतंत्र ओम शांति**- कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, "हम कानूनी और राजनीतिक दोनों तरह से इस लड़ाई को लड़ेंगे। हम डरने या चुप रहने वाले नहीं हैं। प्रधानमंत्री से जुड़े अदाणी महाघोटाले में जेपीसी के बजाय राहुल गांधी को अयोग्य करार दिया गया है। भारतीय लोकतंत्र ओम शांति।"

**लोकतंत्र विरोधी भाजपा सरकार**- कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि जिस दिन से राहुल गांधी ने अदाणी, पीएम के खिलाफ सवाल उठाए। राहुल गांधी को चुप कराने के लिए इस प्रकार की साजिश शुरू की गई। यह भाजपा सरकार के लोकतंत्र विरोधी, तानाशाही रवैये का स्पष्ट मामला है।

**महाराष्ट्र कांग्रेस ने की निंदा**- महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा, "राहुल गांधी को अयोग्य घोषित करने के तरीके की हम निंदा करते हैं। सूरत कोर्ट के फैसले के आधार पर मोदी सरकार के दबाव में लोकसभा ने उन्हें अयोग्य घोषित किया। अगर किसी को 'चोर' कहने पर कार्रवाई की जाती है तो हम उन्हें डाकू कहेंगे।"

**क्या बोले दिग्विजय सिंह?**- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि अगर मोदी जी का मन साफ होता और हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अदाणी के घपले नहीं होते, तो क्या कोई प्रधानमंत्री इस बात पर चर्चा करने से पीछे हटता।

## ईरान के जेल में कैद पांच भारतीय नाविक पहुंचे अपने देश, झूठे मामले में जेल में गुजारे 403 दिन

नई दिल्ली। 5 भारतीय नाविक जिन्हें 403 दिनों तक बिना किसी आरोप के ईरान के चाबहार सेंट्रल जेल में न्यायिक हिरासत में रखा गया था, वे आज भारत लौट आए हैं। इन चारों को चाबहार और कोणार्क, सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत, ईरान में अधिकारियों के साथ जांच पूरी होने तक भारत जाने की अनुमति नहीं थी। बताया जा रहा है कि उनकी वापसी का खर्च भारत सरकार द्वारा वहन किया गया और भारतीय विश्व मंच द्वारा सुविधा प्रदान की जा रही है। भारत के दूतावास, तेहरान ने केंद्र को दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद आज तक उन्हें रहने और खाने की सुविधा प्रदान की थी। अनिकेत येनपुर, मंदार वर्लीकर, नवीन सिंह, प्रणव कुमार और तमिझसेल्वन रंगासामी को उनके जहाज आर्टिन 10 के साथ हरमोन की खाड़ी में 20 फरवरी, 2020 को ईरानी सुरक्षा बलों ने पकड़ा था। इन पांचों को नशीले पदार्थों की तस्करी की



आपराधिक साजिश का संदेह में गिरफ्तार किया था। इसके कारण पांचों को जेल में 403 दिन बिताने पड़े थे, लेकिन इसके बाद उन्हें रिहा कर दिया गया था।

हालांकि, उसके बाद उनकी जिंदगी आसान नहीं थी। उन्हें रिहा करने के बाद भी पासपोर्ट नहीं दिया गया था और वे सड़कों पर भटकने के लिए मजबूर हो गए थे। विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों को बचाने के लिए काम करने वाले संगठन इंडियन वर्ल्ड फोरम के अध्यक्ष पुनीत सिंह ने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की गुहार लगायी है ताकि अपने नियोक्ताओं द्वारा झूठे आरोपों में कैद एवं यातनाएं झेल रहे इन युवाओं को शीघ्रातिशीघ्र स्वदेश लाया जा सके।

## संपादकीय

# संक्रमण को देखते हुए सरकार ने बढ़ाई सतर्कता

सरकार इन्फ्लूएंजा और कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सतर्क हो गई है। प्रधानमंत्री ने इसके लिए उच्चस्तरीय बैठक बुलाई और संबंधित महकमों को इस मामले में मुस्तैदी बरतने को कहा है। जांच बढ़ाने और कोरोना बहुरूपों पर नजर रखने की हिदायत दी है। अच्छी बात है कि सरकार ने समय रहते इस मामले में चौकसी बरतनी शुरू कर दी है। हालांकि भारत में अभी कोरोना संक्रमण की दर दूसरे देशों की तुलना में काफी कम है। हर दिन आठ से नौ सौ के बीच मामले दर्ज हो रहे हैं। मगर यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कोरोना का प्रकोप अभी खत्म नहीं हुआ है और जरी-सी लापरवाही भी खतरनाक रूप ले सकती है। फिलहाल इसलिए भी कम मामले दर्ज हो रहे हैं कि कोरोना की लहर थम जाने के बाद अस्पतालों में जांच वगैरह में शिथिलता आ गई थी। जब इन्फ्लूएंजा का प्रकोप बढ़ना शुरू हुआ और जांचें होने लगीं तब कोरोना के भी मामले सामने आने लगे। हालांकि अभी इसके खतरनाक रूप लेने के प्रमाण सामने नहीं आए हैं, मगर स्वास्थ्य विभाग के लिए इस आधार पर किसी भी तरह की लापरवाही बरतने की छूट नहीं मिल सकती। भारत ने कोरोना की खतरनाक लहर के वक्त भी उस पर काबू पाने में सफलता हासिल की थी, जबकि तब कोरोना के टीके सभी के लिए उपलब्ध नहीं थे। देश एक त्रासद अनुभव से गुजर चुका है। अब इस पर काबू पाने के उपाय मौजूद हैं। दवाएं उपलब्ध हैं। ऐसे में कोरोना से निपटने में किसी तरह की अड़चन नजर नहीं आती। मगर समस्या लोगों की आदतों में आए बदलाव की जरूर है। कोरोना की लहर थमने के साथ ही लोग कोरोनोचित व्यवहार छोड़ कर फिर से पुराने ढर्रे पर लौट आए हैं। हाथ धोना, नाक-मुंह न ढंकना, भीड़भाड़ वाले और सार्वजनिक स्थानों पर लापरवाही बरतना आदि आदतें फिर अपना ली गई हैं। इसके चलते कोरोना और इन्फ्लुएंजा के तेजी से फैलने की आशंका बनी हुई है। हालांकि प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे कोरोना से बचाव संबंधी उपायों पर अमल करें, मगर इस दिशा में लोग कितने सतर्क होंगे, कहना मुश्किल है। पहले नाक-मुंह न ढंकने पर जुमार्ने का प्रावधान था, फिर भी लोग खुले मुंह घूमने से बाज नहीं आते थे। अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि लोग किस कदर अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी उपायों के पालन में भी लापरवाही बरतते हैं। ऐसे में स्वाभाविक ही स्वास्थ्य कर्मियों और दूसरे संबंधित महकमों पर जिम्मेदारी आ जाती है कि वे लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक बनाएं। जिन समस्याओं पर सामान्य नागरिक बोध और निजी जागरूकता से काबू पाया जा सकता है, उनके लिए भी कड़े कानून लागू करने पड़ें तो उसे जागरूक और जिम्मेदार समाज की निशानी नहीं कहा जा सकता। इसलिए सरकारी महकमों की सतर्कता के साथ-साथ आम लोगों से भी अपेक्षा की जाती है कि वे इस बीमारी से पार पाने में निजी तौर पर सहयोग करें। संक्रामक बीमारियों से बचाव का सबसे कारगर तरीका यही माना जाता है कि लोग खुद अपनी सुरक्षा करें। हालांकि देश की बहुसंख्य आबादी को कोरोना टीके की दोनों जरूरी खुराक दी जा चुकी हैं, बुजुर्ग और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले बहुत सारे लोगों ने एहतियाती खुराक भी ले ली है। इस तरह कोरोना का प्रभाव लोगों पर पहले की तरह खतरनाक रूप में न होने की उम्मीद की जाती है। मगर इस आधार पर लापरवाही बरतने की छूट नहीं मिल जाती।

## बड़ी खबर है आई!



खत्म हुई सदस्यता ।  
बड़ी खबर है आई ।।  
हो रही है चिंता ।  
हुई भी जगहंसाई ।।  
दायरा कानून का ।  
चल रहा सब काम ।।  
लेकिन लगता अभी भी ।  
ना करना आराम ।।  
दौड़ रहे समर्थक ।  
है ये विपदा काल ।।  
धैर्य में रहेंगे ।  
करना नहीं बवाल ।।  
धीरे धीरे सबके ।  
आने लगे बयान ।।  
सड़क गली मुहल्ला ।  
अब चर्चा परवान ।।  
–कृष्णेन्द्र राय

# आर्थिक मंदी की तरफ दुनिया!, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और अर्थशास्त्रियों ने जताई थी आशंका, अनिश्चितता से बढ़ी बेचैनी

मार्च के पहले पखवाड़े में ही अमेरिका के दो प्रमुख बैंकों- सिग्नेचर बैंक और सिलिकान वैली बैंक - के डूबने की खबरों ने दुनिया भर के शेयर बाजारों ने गोता खाना शुरू कर दिया। उधर क्रेडिट सुइस नाम के वित्तीय संस्थान में भी जागी कुछ अनिश्चितताओं ने तो सबको चिंतित कर दिया। यूरोप के कई बैंकों की आर्थिक स्थिरता पर इसका असर पड़ा और इसने उन लोगों में आशंका पैदा कर दी, जिनके वित्तीय हित किसी भी बैंकिंग संस्थान से जुड़े हैं। उल्लेखनीय है कि कई महीने पहले विश्व मुद्रा कोष और कुछ अर्थशास्त्रियों ने आशंका जता दी थी कि 2023 में दुनिया एक बार फिर आर्थिक मंदी झेलने को मजबूर हो सकती है। क्या सचमुच ऐसा होगा?

दुनिया कुछ समय पहले ही एक वैश्विक महामारी से उबरी है। कुछ ही दिन बीते जब श्रीलंका में जनता सत्ता के खिलाफ सड़कों पर थी, पाकिस्तान में भी हालात काबू में नहीं हैं। ब्रिटेन में लोग महंगाई से त्रस्त हैं। रूस और यूक्रेन के बीच साल भर पहले शुरू हुए युद्ध में अब दूसरी ताकतें भी कूदती नजर आ रही हैं। खबर है कि अमेरिका, जिसने यूक्रेन को सैन्य मदद दी है, के कट्टर विरोधी देशों रूस, चीन और ईरान ने ओमान की खाड़ी में संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। क्या यह किसी बड़े विप्लव का संकेत है? याद कीजिए कि 1930 की महामंदी के पहले भी कुछ ऐसे ही हालात थे। बस, वित्तीय संस्थानों के डूबने, महामारी और युद्ध के माहौल के क्रम में कुछ तब्दीली है। सन 1914 से 1918 के बीच पहला विश्वयुद्ध लड़ा गया था। युद्ध खत्म ही हुआ था कि स्पेनिश फ्लू की महामारी फैल गई, जिसमें करीब पांच करोड़ लोगों की जान चली गई। उसके बाद हालात सुधरे तो आर्थिक संपन्नता के मुक्त उल्लास के दिन आए। 1920 के दशक में अमेरिका में पूंजीवाद का उत्थान हुआ। लोग गांव छोड़ कर शहरों की तरफ जाने लगे। उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति बढ़ गई। हर पांचवें घर के बाहर एक नई कार खड़ी हो गई। दरअसल, बैंकों ने लोगों को खुल कर ऋण बांटे थे।



1920 के दशक में अमेरिका में आई आर्थिक समृद्धि के पीछे एक और कारण था पूंजी बाजार। लोग पैसा लगा कर अपनी राशि को बढ़ते हुए देखने के आदी हो गए। आज भी यह निवेश का एक बड़ा बाजार है। हर आर्थिक वर्ग का आदमी शेयर बाजार में पैसा लगाकर सुनहरे भविष्य के सपने संजोए खड़ा है। अच्छे दिनों के सपने देखना बुरा भी नहीं है, लेकिन दिक्कत तब होती है जब अप्रत्याशित तरीके से शेयर बाजार औंधे मुंह गिर जाता है और कम पूंजी वाले लोग ऐसे भंवर में घिर जाते हैं कि उन्हें बाहर निकलने का रास्ता नजर ही नहीं आता। बैंक अपनी स्थितियों को मजबूत करने के लिए ब्याज दर बढ़ाते हैं, महंगाई बढ़ती रहती है, मुद्रा स्फीति लोगों की उम्मीदों को आंखें दिखाने लगती है।

1920 के दशक में अमेरिका में आर्थिक उथल- पुथल मची तो अगस्त 1929 तक पहुंचते-पहुंचते बैंकों पर इतना कर्ज चढ़ गया कि उन्हें चुकाना मुश्किल लगने लगा। बाजार में ऋण का प्रवाह कम हुआ तो लोगों की खरीदने की क्षमता कम हुई। इससे उत्पादन घटाना पड़ा। बेरोजगारी बढ़ने लगी। महंगाई को तो बढ़ना ही था। हालात कठिन होते देख कर निवेशकों ने इतने शेयर बेच दिए कि पूंजी बाजार ध्वस्त हो गया। यह प्रवृत्ति बढ़ती गई। आर्थिक हालात बिगड़े तो कई कारखाने बंद हुए। नतीजा यह हुआ कि बेराजगारी चरम पर पहुंच गई। उधार लेकर शान की जिंदगी जीने वाले परिवार कर्ज की दलदल में धंस गए। किसानों के पास खड़ी फसल कटवाने के लिए मजदूरी देने के पैसे नहीं थे।

इस तरह एक तरफ अनाज खेतों में नष्ट हो गया, तो दूसरी तरफ 1930 में अकाल पड़ गया। लोग सरकार की तरफ मदद की आस लगाए देखने लगे। मगर तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति हरबर्ट हूवर लोगों को झूठी दिलासा देते रहे कि यह आर्थिक संकट जल्दी ही खत्म हो जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार का काम नौकरियां पैदा करना या आर्थिक सहयोग देना नहीं है। लोग उनसे नाराज हो गए और परिणाम यह हुआ कि 1933 में अमेरिका की कमान फ्रेंकलिन रूजवेल्ट को दे दी गई। धीरे-धीरे रूजवेल्ट ने कुछ पहल की और हालात सुधरे। मगर तब तक इस महामंदी का असर ब्रिटेन, जर्मनी, कनाडा, जापान और भारत तक फैल चुका था।

1930 की आर्थिक मंदी ने दुनिया को एक नया राजनीतिक तेवर भी दिखाया। मंदी के दौरान लोगों में क्षेत्रीयता बढ़ी। कई देशों में कट्टरपंथी राजनीतिक विचारों को लोगों का समर्थन मिला। यही कारण है कि जर्मनी में उन्हीं दिनों हिटलर का उदय हुआ। 1932 के चुनावों के बाद हिटलर की नाजी पार्टी जर्मनी की संसद में पहुंचने वाली सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी। जब अलग-अलग समूहों की कट्टरता बढ़ती है, तो उनके हित टकराते हैं। ऐसी स्थितियां अगर समय रहते न संभाली जाएं तो विकट युद्ध का रूप धारण कर लेती हैं। वही परिस्थितियां सन 1941 में दूसरे विश्वयुद्ध का कारण बनीं।

एक बार फिर अमेरिका में महत्त्वपूर्ण बैंक डूबे हैं। लोगों को डर है कि कहीं यह वित्तीय संस्थानों के दरकने के सिलसिले की शुरूआत न हो। इसके पहले कई बड़ी कंपनियां अपने कर्मचारियों की छंटनी कर चुकी हैं। जर्मनी, आस्ट्रिया, फ्रांस, हंगरी, इटली और स्पेन जैसे देशों में भी कट्टरवादी राजनीतिक ताकतों ने अपना वर्चस्व बढ़ाया है। मुद्रास्फीति का हाल यह है कि जनवरी 2023 में ही तुर्की की मुद्रास्फीति की दर 55 प्रतिशत से अधिक थी। पिछले अनुभवों को देखते हुए ये स्थितियां आशंकित करती हैं, क्योंकि एक साल की बंदी के बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष पहले ही चेतावनी दे चुका है कि इसका असर महामंदी जैसा हो सकता है। सन 2008 में भी मंदी की शुरूआत अमेरिका से ही हुई थी। उस साल वहां की नामी वित्तीय कंपनी लेहमन ब्रदर्स दिवालिया हुई, तो दुनिया भर में उथल-पुथल मच गई थी। उस समय निवेशकों को जितना नुकसान हुआ, वह राशि भारत के सकल घरेलू उत्पाद के बराबर थी। सन 2008 में आई मंदी का असर भारत पर अपेक्षाकृत कम देखने को मिला था, क्योंकि आम भारतीय अब भी अपनी कमाई में से छोटी-छोटी बचत करने का आदी रहा है। आज भी रसोई के किसी कनस्तर में गृहणी द्वारा बचा कर रखा गया धन देखने को मिल सकता है। बच्चों की गुल्लक में, छोटी आवर्ती जमा योजनाओं में हमारी बचत इतराती है। यह अलग बात है कि अब बड़े संकट में यह राशि बहुत छोटी प्रतीत होती है। नौकरीपेशा आदमी आयकर बचाने के लिए राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान बचत पत्र, पीपीएफ जैसी योजनाओं में निवेश करता हैं और कठिन दिनों के लिए अपना आधार तैयार करता है।

# राहुल गांधी ने देश के खिलाफ कुछ कहा है तो सरकार देशद्रोह का मामला क्यों नहीं दर्ज कराती?

आजादी के बाद देश के संसदीय इतिहास में ऐसा पहला मौका आया जब सत्तारुढ़ दल ने संसद ठप की हो। संसद की यह कार्रवाई कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी से माफी मंगवाने की मांग को लेकर बाधित रही। संसद सत्र का प्रति मिनट खर्चा ढाई लाख रुपए आता है। अर्थात एक दिन भी यदि संसद की कार्रवाई ठप रहती है तो करोड़ों रुपए का नुकसान होता है। इसकी भरपाई सांसद या मंत्री नहीं करते, बल्कि देश के आम करदाताओं को इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। राहुल ने लंदन कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में भारत में संस्थाओं के नियंत्रण में होने और अपने फोन की जासूसी किए जाने का आरोप लगाया। राहुल ने अपने ऊपर आपराधिक मामले दर्ज कराए जाने का मुद्दा उठाया। आरएसएस को एक 'फासीवादी' संगठन और भारत में मीडिया और न्यायपालिका को नियंत्रण में बताते हुए विदेशी हस्तक्षेप की मांग की। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस के नेता और सांसद राहुल गांधी ने विदेश में जाकर देश का अपमान किया है। गौरतलब है कि संसद की कार्यवाही का सीधा प्रसारण होता है। संसद में जो हुआ उसे पुरी दुनिया ने देखा। सवाल यह है कि जब केंद्र सरकार राहुल के बयान को इतना गंभीर मानती है तो उनके खिलाफ देश के अपमान और देशद्रोह का मुकदमा दर्ज क्यों नहीं कराती? इसका फैसला अदालत कर लेगी कि राहुल गांधी ने देश का अपमान किया है या नहीं। इससे भाजपा का बचना यह दशार्ता है कि देश के अपमान और देशद्रोह को सिर्फ चुनावी मुद्दा बनाया जा रहा है। हकीकत में इस मामले में भाजपा कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करना चाहती है। सवाल यह भी है कि भाजपा राहुल गांधी से तो चुनावी तरीके से निपट लेगी किन्तु वैश्विक संस्थाओं द्वारा विभिन्न मामलों में देश की हालत की जो तस्वीर बताई गई है, उनसे कैसे निपटेगी? भाजपा ने ऐसी संस्थाओं से कभी माफी मांगने और उन देशों को चेतावनी देते हुए संबंधों में दरार पड़ने की बात कभी नहीं की। अलबत्ता केंद्र सरकार उन रिपोर्टों को भारत की छवि खराब करने वाले बताते हुए खारिज करती रही है।

विगत वर्षों में संयुक्त राष्ट्र सहित विश्व स्तर की रैंकिंग प्रदान करने वाली विभिन्न संस्थाओं की रिपोर्ट में भारत की जो तस्वीर पेश की गयी है, वह देश को शर्मसार करने वाली रही है। केंद्र की भाजपा सरकार विश्व में विभिन्न मामलों में जारी रिपोर्टों को खारिज तो कर सकती है, पर माफी नहीं मंगवा सकती, जिनके कारण भारत की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचा है। वैश्विक भूख सूचकांक 2022 में भारत छह पायदान नीचे खिसक कर अब 121 देशों में 107वें स्थान पर पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक सूचकांक में वर्ल्ड हैपीनेस इंडेक्स में शामिल कुल 146 देशों में भारत 136वें पायदान पर है। रिपोर्टर्स विदआउट बॉडर्स की ओर से जारी वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स 2021 में भारत 142वें स्थान पर बरकरार है। भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टालरेंस का दंभ भरने वाली सरकार की दृढ़ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2021 के वैश्विक भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में 180 देशों में भारत का स्थान 85वां रहा। मानव विकास सूचकांक में पिछले वर्ष भारत 131वें स्थान पर था और वर्ष 2021-22 की रिपोर्ट में भारत का स्थान फिसल कर 191 देशों की सूची में 132वें स्थान पर पहुँच गया। इसी तरह भारत में पर्यावरण की स्थिति रिपोर्ट 2021 में सामने आया कि पिछले साल भारत का स्थान 115 था और अब वह दो स्थान और नीचे चला गया है। ग्लोबल पीस इंडेक्स-2022 में भारत को शांति के मामले में लो कैटेगरी में रखा गया है। इस रैंकिंग में भारत 3 स्टेप चढ़कर अब 135वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा इंडेक्स-2021 में 113 देशों के बीच 71वां स्थान हासिल किया। विश्व न्याय परियोजना के कानून सूचकांक 2021 के नियम में भारत 139 देशों और क्षेत्राधिकारों में से 79वें स्थान पर है। विश्व में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 11 प्रतिशत मृत्यु भारत में होती हैं। जबकि दुनिया के वाहन का महज एक प्रतिशत ही हमारे यहां है। एनसीआरबी रिपोर्ट के मुताबिक साल 2021 में 73535 बच्चे गायब हो गए। अगर पिछले 5 सालों की बात करें तो गायब होने वाले बच्चों की संख्या 340000 है। पिछले 5 सालों से हर साल औसतन 68000 बच्चे गायब होते रहे हैं। कोरोना वायरस महामारी के दौरान भी 59263 बच्चे गायब हो गए थे। गायब होने वाले बच्चों में 75 फीसदी लड़कियां होती हैं।

एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया की इंटरएक्टिव वेबसाइट हाल्ट द हेट के मुताबिक भारत में 2016 के बाद से कथित हेट क्राइम की घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई। अकेले 2019 के पहले छह महीनों में ऐसे अपराधों की 181 घटनाएं वेबसाइट की ओर से दर्ज की गईं। महिलाओं के लिए सड़क सुरक्षा, महिलाओं की जानबूझकर हत्या, गैर-साथी यौन हिंसा, अंतरंग साथी यौन हिंसा, कानूनी भेदभाव, वैश्विक लिंग अंतर, लिंग असमानता और महिलाओं के प्रति हिंसा में खतरे का सूचकांक वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू 2022 की एक रिपोर्ट में भारत 9वें स्थान पर है। वैश्विक विशेषज्ञों द्वारा किये गए सर्वे में भारत को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित देश बताया गया था। थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन द्वारा हुए सर्वे में महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और उन्हें सेक्स वर्कर के धंधे में जबरन धकेलने के कारण भारत को सबसे असुरक्षित देश माना गया। वर्ष 2021 के वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक में भारत को 66वां स्थान प्राप्त हुआ। विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों में जाहिर भारत की स्थिति से मुंह नहीं फेरा जा सकता। इन रिपोर्टों पर भारत की आलोचना को दबाया नहीं जा सकता। देशद्रोह कानून पर सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा। इस मामले सैंकड़ों गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इसे पूरे विश्व में देखा गया कि कैसे भारत में आवाज बुलंद करने पर आपराधिक मुकदमे दर्ज किए जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि इस कानून की समीक्षा पूरी होने तक देशद्रोह का कोई नया केस दर्ज नहीं होगा। भारत का लोकतांत्रिक ढांचा इतना कमजोर नहीं है कि राहुल गांधी के बयान देने मात्र से दागदार हो जाए। राहुल गांधी के लगाए आरोपों की जांच सुप्रीम कोर्ट के किसी न्यायाधीश से या किसी स्वतंत्री जांच एजेंसी से करानी चाहिए, तभी सच्चाई सामने आ सकती है, अन्यथा ऐसे मामलों को चुनावी राजनीति का स्टंट से ज्यादा कुछ नहीं माना जा सकता।

# बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों का भारी नुकसान किया है, अन्नदाता की मदद के लिए आगे आये सरकार

इक्कीसवीं सदी के आधुनिक भारत में आज के समय में भी खेती-किसानी पूरी तरह से ही मौसम के मिजाज पर ही निर्भर करती है, क्योंकि मौसम पर तो देश व दुनिया में किसी का भी कोई भी नियंत्रण नहीं चलता है। जिसके चलते भारत में पिछले कुछ वर्षों से मौसम लगातार किसानों को दगा देकर के भारी नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इस वर्ष जब भारत सरकार को रिकॉर्ड तोड़ गेहूं की पैदावार की उम्मीद थी, उस समय मार्च के महीने में हुई बेमौसम बरसात, ओलावृष्टि व तेज हवाओं ने अन्नदाता किसानों की खेतों में खड़ी हुई फसलों को जबरदस्त नुकसान पहुंचाने का कार्य किया है, जिसके चलते एक तरफ तो सरकार की रिकॉर्ड तोड़ पैदावार होने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगने की संभावना है, वहीं दूसरी तरफ जगह-जगह हुई बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है, बारिश के साथ तेज हवाएं चलने से फसल गिरकर खराब हो गई है, जिसके चलते देश के विभिन्न राज्यों में रबी के सीजन की अधिकांश फसलों सरसों, गेहूं, जौ, जई, आलू, चना, मटर, आम, लीची आदि के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के अन्य फल-फूल, साग व सब्जियों, औषधीय पौधों, मसलों आदि की फसलों को जबरदस्त नुकसान पहुंचा है।

किसानों के हित से जुड़े इस बेहद ज्वलंत मसलों पर छत्तीसगढ़ के निवासी अखिल भारतीय किसान महासंघ (आईफा) के राष्ट्रीय संयोजक व एमएसपी गारंटी-किसान मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता "डॉक्टर राजाराम त्रिपाठी" कहते हैं कि छत्तीसगढ़ की मशहूर कहावत है कि "दूबर पर दो आषाढ़" कहावत का मतलब समझना चाहें तो आप असमय बरसात और ओलावृष्टि से बुरी तरह प्रभावित किसानों को देख लीजिए। इस समय ओलावृष्टि ने तैयार गेहूं की खड़ी फसल को जमीन पर पटक दिया है और किसानों की भी कमर तोड़ दी है। खेतों में पानी भर जाने के कारण आलू की पूरी फसल सड़ रही है और इसके साथ ही इन किसानों की किस्मत भी। तेज हवाओं ने आम, लीची तथा अन्य मौसमी फसलों की फसल चौपट कर दी है। सरसों की फसल भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। मसाला तथा औषधीय पौधों के किसान भी बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। सफेद मूसली, अश्वगंधा सहित जड़ वाली तुलसी स्टीविया एवं इन्सुलिन प्लांट जैसे पत्तों वाली सभी जड़ी बूटियों तथा फूलों की खेती को भारी नुकसान हुआ है।



सबसे बुरी हालत तो साग सब्जी उत्पादक किसानों के हो गयी है। ओलावृष्टि ने साग सब्जियों की तैयार फसल की मिट्टी पलीत कर दी है। पिछले कुछ वर्षों से केंद्र सरकार किसानों से विमुख चल रही है। आशा है कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में सरकार पीड़ित किसानों के साथ खड़ी होगी तथा उन्हें तत्काल पर्याप्त सहायता राशि जारी करेगी। इससे किसानों को अगली फसल लगाने में मदद मिलेगी एवं भविष्य में देश की खाद्यान्न आवश्यकता की पूर्ति भी हो पाएगी तथा देश के किसानों में सरकार की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी।

वहीं सत्याग्रह संघ मध्य प्रदेश के किसान नेता "दीपक पांडे मुदगल" कहते हैं कि मध्य प्रदेश में ओलावृष्टि और वर्षा से रबी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। 20 जिलों के 520 गांवों में 33 हजार 758 हेक्टेयर क्षेत्र की फसल प्रभावित हुई है, जहां-जहां ओलावृष्टि हुई है, वहां फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। जहां वर्षा के कारण फसल खेत में ही गिर गई, वहां उपज की गुणवत्ता प्रभावित होगी, जिसका नुकसान किसान को उठाना होगा। यहां 20 जिलों में वर्षा और ओलावृष्टि हुई है। इसलिए हमारी मांग है कि इस बार ऋण वसूली माफ की जाए, बकाया बिजली बिल माफ किए जाएं, एक सप्ताह के अंदर पारदर्शिता के साथ सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिया जाये, इस बार एमएसपी का मूल्य पिछले मूल्य से दोगुना किया जाए, मध्य प्रदेश में शिथिल पड़ी भावांतर योजना का भी किसानों को पुनः लाभ मिल सके इस बात का भी ध्यान रखा जाए।

वहीं दिल्ली, हरियाणा, एनसीआर व उत्तर प्रदेश के हालात पर किसान समिति गाजियाबाद के महासचिव आदेश त्यागी कहते हैं कि इस क्षेत्र के अधिकांश जिलों में असमय बारिश, ओलावृष्टि व तेज हवाओं ने अपना रौद्र रूप दिखाकर व तांडव मचाकर किसानों की फसलों को बुरी तरह से बर्बाद करने का कार्य किया है। बेमौसम बरसात से गेहूं, आलू, दलहन, फल, फूल व सब्जियों आदि की फसलों को इस क्षेत्र में बहुत ही भारी नुकसान हुआ है, किसानों पर आर्थिक रूप से अचानक से एक बड़ी आफत आ गयी है। वह कहते हैं कि मेरी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मांग है कि वह तुरंत ही किसानों के हित में खेतों में हुए नुकसान का सर्वे करवा करके, उसकी भरपाई के लिए किसानों को तुरंत मुआवजा राशि प्रदान करके आर्थिक रूप से राहत प्रदान करें, जिससे कि धन के अभाव में आगामी फसलों की बुवाई का चक्र प्रभावित नहीं हो पाये। वैसे भी देखा जाए तो कृषि प्रधान देश भारत में लगभग 70 प्रतिशत के लगभग आबादी किसी ना किसी रूप में कृषि पर ही निर्भर है, इस बड़े वर्ग की आबादी की वार्षिक आय पर पिछले एक सप्ताह में हुई बेमौसम बरसात ने बहुत बड़ा नकारात्मक प्रभाव डालने का कार्य कर दिया है। वैसे भी उत्तर भारत के राज्यों के किसानों के लिए तो यह बारिश एक बड़ी आफत बनकर बरस रही है, उनकी फसलों को तहस-नहस करके खेतों में बिछाकर सड़ा-गला कर चौपट करने का कार्य कर रही है। आलम यह हैं कि भारत के ज्यादातर राज्यों में बारिश, ओलावृष्टि के साथ चली तेज हवाओं चलते लाखों हेक्टेयर में खड़ी फसल चौपट हो जाने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इसलिए केंद्र व बारिश, ओलावृष्टि से प्रभावित इन राज्यों की सरकारों से अनुरोध है कि वह तत्काल किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए तेजी के साथ पूरी पारदर्शिता से धरातल पर कदम उठाएं, जिससे कि आने वाले माह में किसानों की अन्य फसलों की बुवाई प्रभावित नहीं हो और देश में किसी भी प्रकार का भविष्य में खेती-किसानी से जुड़ा संकट उत्पन्न नहीं हो पाए।

# बासंतिक नवरात्र मां भगवती के आराधना और उपासना का दिन है : भवानी नन्दन



प्रखर जखनियां गाजीपुर। वासन्तिक नवरात्र में कालीधाम हरिहरपुर में सिद्धपीठ हथियाराम पीठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर भवानी नन्दन यति जी महाराज के संरक्षकत्व में चल रहे अनुष्ठान के दौरान वाराणसी के आए विद्वान ब्राम्हणों द्वारा जहां मंत्रोच्चार के बीच हवन कुण्ड में आहूति दी जा रही हैं,वही श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा करके पुण्य लाभ के भागी बन रहे हैं। पीठाधीश्वर भवानी नन्दन यति जी महाराज ने परंपरागत हरिहारात्मक पूजन करने के उपरांत श्रद्धालूओं से बासंतिक नवरात्र पर चर्चा करते हुए कहा कि यह समय माता भगवती की आराधना और उपासना के लिए अत्यन्त शुभ माना जाता है। चैत्र माह में प्रकृति भी आह्लादित होती है। हर तरफ नये जीवन और एक नई उम्मीद का बीज अंकुरित होने लगता है। नवीनता पूर्ण इस मौसम में प्राणियों में जहां एक नई उर्जा का संचार होता है। वहीं जो लोग प्रतिदिन मां की पूजा-अर्चना करते हैं उनके काम, क्रोध, मोह आदि अन्तर्मन के विकार दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि मां भगवती की साधना जीवन का पथ सुगम बना देती है। उन्होंने ने बताया कि हरिहरपुर स्थित काली धाम सिद्ध पीठ हथियाराम मठ की प्रसिद्ध शाखा है।जो भक्त श्रद्धालुओं के लिए आस्था और अटूट विश्वास का केंद्र है। जहां मंदिर में स्थापित मां काली की तीन मूर्तियां अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर डा. सानंद सिह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव,अशोक सिंह पप्पू, एडीओ पंचायत मनिहारी दीनानाथ, दिग्विजय उपाध्याय, अमित सिंह डब्बू, शशि दुबे,अशोक सिंह, अंकित सिंह, रमेश सिंह,संजय यादव आदि उपस्थित रहे।

## विश्व क्षय रोग दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पोषण पोटली का किया गया वितरण

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्व क्षय रोग दिवस पर सुधाकर महिला पी० जी० कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोरमा तिवारी, डॉ. शालिनी मिश्रा, डॉ. पूजा सिंह और महाविद्यालय से प्रतिनिधि कर रही है 24 मार्च शुक्रवार को डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव राजकीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय, चिकित्सालय पहुँचकर क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित करते हुए जागरूक किया इस अवसर पर सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह के संस्था प्रमुख डॉ० प्रभु नारायण दूबे ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने 2025 तक टीबी के इलाज से संबधित लक्ष्य को प्राप्त करने का जो आहवान किया था इसे पूरा करना हम लोग की जिम्मेदारी है समन्वयक व शिक्षाविद डॉ.अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमत्री मोदी जी के द्वारा टीबी मुक्त पंचायत अभियान का शुभारंभ करना निश्चित रूप से टीबी को समाप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान होगा निदेशक आशीर्वाद दूबे ने कहा कि क्षम रोग के उन्मूलन तक संस्था क्षय रोगियों को पोषण पोटली और समय-समय पर जागरुक करता रहेगा।

## मोहम्मदाबाद में हुआ सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर।मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने को लेकर प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदबाद जो प्रथम संदर्भम इकाई के रूप में शुमार है। यहां पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में एचआरपी महिलाएं पहुंचकर अपना ईलाज एवं परामर्श के साथ ही निशुल्क जांच भी कराया। बताते चलें कि प्रत्येज माह की 24 तारीख को जनपद के सभी प्रथम संदर्भन इकाई (एफआरयू) स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का आयोजन किया जाता है। डॉ. आशीष राय ने बताया कि केंद्र पर नियमित जांच व उच्च जोखिम युक्त गर्भावस्था की चिह्नित लाभार्थी को प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। हर माह की नौ तारीख को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित किए जाने वाले पीएमएसएमए दिवस के साथ माह की 24 तारीख को एफआरयू पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का आयोजन किया गया। इस दिवस पर गर्भवती की प्रसव पूर्व हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन जांच, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस, वजन, ब्लड प्रेशर एवं अन्य जांच की निःशुल्क जांच कर टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का टीका, आयरन, कैल्शियम एवं आवश्यक दवाएं मुफ्त दी गई । एचआरपी युक्त महिलाओं की पहचान, प्रबंधन एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया । पोषण, परिवार नियोजन तथा प्रसव स्थान के चयन के लिए सलाह भी दिया गया। इस अवसर पर बीपीएम संजीव कुमार ने बताया कि इस दिवस पर महिलाओं को शासन के द्वारा निशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी दी जाती है। जो पिछले दो-तीन सालों से चल रहा है। वहीं अब पिछले 2 माह से ईझ्र रूपीस वाउचर के जरिए अल्ट्रासाउंड जो पीपीपी मॉडल पर कराया जा रहा था। उनका भुगतान ई रूपीस बाउचर जो विभाग के द्वारा जनरेट कर लाभार्थी को दिया जा रहा है।

## बैंक खाते और आधार का नहीं हुआ सीडिंग तो नहीं होगा अगले पेंशन का भुगतान



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया है कि निदेशालय, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत आधार आधारित भुगतान प्रणाली अपनाये जाने के निर्देश निर्गत करते हुये शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराये जाने एवं आधार आधारित भुगतान किये जाने की अपेक्षा की गयी है। उक्त के क्रम में समस्त वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि अपनी बैंक शाखाओं में आधार एवं पासबुक सहित सम्पर्क करते हुये आधार की सीडिंग यथाशीघ्र कराने का कष्ट करें, जिससे कि उनके पेंशन की धनराशि का भुगतान आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से करने में कोई अवरोध न उत्पन्न हो। वृद्धावस्था पेंशन योजना से संबंधित ऐसे लाभार्थी जिनके आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही अभी तक नही हो पायी है वे अपने आधार का प्रमाणीकरण नजदीकी जनसेवा केन्द्र/सी0एस0सी0 केन्द्र अथवा स्वयं के द्वारा शीघ्र पूर्ण करा लें तथा अपनी बैंक शाखा में बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड ले जाकर अपने आधार नंबर को बैंक खाते से अनिवार्य रूप से आनलाइन प्रमाणीकरण करा ले, अन्यथा उन्हे वृद्धावस्था पेंशन की आगामी किस्तो का भुगतान प्राप्त नही होगा।

## मारवाड़ी युवा मंच गंगा शाखा द्वारा नए सत्र का प्रारंभ गवरजा माता के आशीर्वाद से हुआ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। गिरजाघर गोदौलिया पर गंगा शाखा की सखियों द्वारा मां गणगौर की पूजा अर्चना की गई एवं शोभायात्रा का भव्य रुप से स्वागत करते हुए मां गणगौर की आरती एवं पुष्प वर्षा करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया गया साथ ही राजस्थानी परिधान में सिंघारा भी मनाया गया एवं शाखा द्वारा सखियों के लिए हाउजी का आयोजन किया गया` जिसमें मुख्य रुप से संस्था की अध्यक्षा प्रीति अग्रवाल सचिव प्रीति बाजोरिया एवं कोषाध्यक्ष निशा अग्रवाल एवं समता डीडवानिया सुनीता कंदोई सहित सभी शाखा सदस्य उपस्थित रहे` कार्यक्रम की संयोजिका श्वेता कनोडिया एवं नीतू नवलगढ़या भी उपस्थित रही।

## बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी ने मणिकर्णिका घाट पर शवदाह कार्य करने वाले चौधरी (डोम) समुदाय के लोगों को मंदिर में प्रवेश करने से रोका



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। देश में अशपृश्यता निरोधक कानून होने तथा संघ प्रमुख द्वारा सामाजिक समरसता और समाज में भेदभाव समाप्त करने की अपील के बावजूद मीरघाट स्थित बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी द्वारा मणिकर्णिका घाट पर शवदाह कार्य करने वाले चौधरी (डोम) समुदाय के लोगो को मंदिर में प्रवेश व पूजा करने से रोक दिया गया` समुदाय के लोगो द्वारा प्रतिरोध करने पर उन्हें मंदिर के बाहर से दर्शन -पूजन करने को कहा गया` समुदाय के लोगो ने जब इस बाबत 112 नम्बर पर पुलिस से संपर्क किया तो पुलिस वालों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत किया ` चौधरी समुदाय के लोगो ने योगी चौधरी के नेतृत्व में डॉ शम्भुनाथ सिंह रिसर्च फाउंडेशन की सामाजिक कार्यकर्त्ता डॉ. रोली सिंह व दीक्षा सिंह से संपर्क किया जिन्होंने इस मसले पर तत्काल कोतवाली पुलिस और प्रधानमंत्री जनसंपर्क कार्यालय से संपर्क कर उन्हें सम्पूर्ण प्रकरण से अवगत कराया बाद में योगी चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने प्रधानमंत्री जनसंपर्क कार्यालय पर कार्यालय प्रमुख शिवशरण पाठक को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित पत्रक में इस घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए तत्काल दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई तथा मंदिर में सभी वर्गों के लिए सामान रूप से दर्शन - पूजन का अधिकार देने की मांग की जिसपर पुलिस और प्रधानमंत्री के संपर्क कार्यालय द्वारा शीघ्र कार्यवाही का आश्वाशन दिया गया ` प्रदर्शन में चौधरी समुदाय के बलभद्र , सत्यम , शिवम, नीरज, लोकेश, सन्नी, शनि, बाबु , सिंपल , सुगना तथा गूंजा चौधरी सहित इत्यादि लोग शामिल थे।

## टी.बी रोग तभी होता है जब शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है - डॉ. एस.के पाठक



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल अस्सी वाराणसी द्वारा विश्व टी.बी दिवस के उपलक्ष्य में 24 मार्च 2023 शुक्रवार को निःशुल्क परामर्श एवं जन जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमे 52 मरीजों को निःशुल्क परामर्श व सुझाव दिया गया हर मरीज को फूड पैकेट भी बांटे गए डॉ पाठक ने मरीजों को समझाते हुए बताया कि टी.बी रोग में खान पान का ख्याल रखना बहुत जरुरी है टी.बी रोग तभी होता है जब शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है इसलिए टी.बी के मरीजों को ज्यादा से ज्यादा प्रोटीन, विटामिन वाले आहार लेना चाहिए जिससे टी.बी रोग जल्दी ठीक होने में मदद मिलती है साथ ही टी.बी रोग में एल्कोहल व तंबाकू का सेवन बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए यह बहुत घातक हो सकता है डॉ पाठक ने आगे बताया क्षय रोगियों को ज्यादा मात्रा में ताजा फल व सब्जियां लेनी चाहिए ` जिससे शरीर को पोषण मिलें ताकि मरीज, टी.बी रोग से लड़ सकें, टी.बी, क्षय रोगियों को रोज अपने खाने में अनाज से बने पदार्थों को शामिल करना चाहिए, टी.बी रोग में दूध जरुर लेना चाहिए इससे प्रोटीन व कैल्शियम मिलता है लेकिन ध्यान रहें ऐसे मरीजों को टोंड दूध ही पीना चाहिए` डॉ पाठक ने आगे बताया केला, गूसबेरी, अनानास, संतरा ये फल क्षय रोग में खाना काफी फायदेमंद होता है इनसे क्षय रोग के जीवाणुओं से लड़ने में मदद मिलती है` क्षय रोगियों को पांच घंटे के अंतराल पर रस वाले ताजे फल खाना चाहिए, क्षय रोगियों में खून की कमी होती है इसलिए आयरन की ज्यादा मात्रा लेना चाहिए जिससे शरीर में खून की कमी नहीं हो सेब, पालक आदि खाने से रोगी को आयरन भरपूर मात्रा में मिलता है` डॉ पाठक ने आगे बताया कि ब्रेथ ईजी जन जागरूकता के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाता रहता हैं जिसमे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, क्लिनिक, जन जागरूकता रैली, मोबाइल कैंप प्रमुख हैं विश्व टी.बी दिवस पर हुए इस जन जागरूकता कार्यक्रम व निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन डॉ एस.के पाठक एवं ब्रेथ ईजी चेस्ट फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्यों द्वारा किया गया ` शिविर में सुनील उपाध्याय,अभिषेक केशरी,अश्विन पाठक, रतन, मनोज, राजेंद्र आदि लोग सम्मलित थे।

## कोतवाली के सामने पशु चिकित्सालय में ताला तोड़कर चोरी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। कोतवाली कासिमाबाद के सामने स्थित पशु चिकित्सालय का ताला तोड़कर अलमारी में रखे ?4874 सहित वाल फैन चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई है। कहा जाता है कि चिराग तले अंधेरा होता है उसी का एक उदाहरण देखने को मिला है। जिले में क्राईम को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पर हर प्रयास के बाद भी अपराधी पुलिस को चुनौती दे रहे हैं।कासिमाबाद तहसील के सामने गुरुवार की रात पशु चिकित्सालय केंद्र का अज्ञात चोरों ने ताला चटका कर आलमारी में रखें चार हजार आठ सौ चौहत्तर रुपये सहित पशु वाल फैन चुरा कर ले गए। शुक्रवार को घटना की जानकारी होतें ही डाक्टरों ने पुलिस को लिखित तहरीर दी गई। पशु चिकित्सा प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि चोरों ने आलमारी में रखें पैसे जहाँ चुरा ले गए हैं वहीं सारा समान छतिग्रस्त कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी कमलेश पाल ने बताया कि चिकित्सकों द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीरी दी गई है जिसका जल्दी ही खुलासा किया जाएगा।

## बिजनेस हेड के नेतृत्व में आईजीएल के उत्पादों को एमबोर्सिया द्वारा वर्ष का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठित उत्पाद का अवार्ड दिया गया



प्रखर गोरखपुर। गिडा स्थित इण्डिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड गीडा के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में आईजीएल द्वारा निर्मित ब्रांडो में से अमेजिंग प्लेन वोदका को अपने सेगमेंट में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठित ब्रांड का अवार्ड एमबोर्सिया द्वारा प्रदान किया गया। इस अवार्ड को आईजीएल के उपाध्यक्ष टीपी शर्मा द्वारा प्राप्त किया गया। आईजीएल ने व्यापर प्रमुख के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन कंपनी की पहली प्राथमिकता है की उच्च गुणवत्ता के उत्पादों का निर्माण किया जाए और इस निर्माण में आधुनिक तकनीकियों का उपयोग करते हुए प्लांट हेड एपी मिश्रा की देखरेख में कंपनी द्वारा लगातार अपने उत्पादों को ग्राहकों की पसंदीदा पेय पदार्थ बनाये रखा है। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने कहा की निसंदेह आज कंपनी अपने प्रतिस्पर्धी संस्थाओं से अपने उत्पादों की गुणवत्ता को उच्च गुणवत्ता बनाये रखने तथा बाजार में सर्वश्रेष्ठ उत्पाद उपभोक्तओं के लिए उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही कंपनी द्वारा एस के शुक्ल के नेतृत्व में महिला शसक्तीकरण ,रोजगार ,शिक्षा ,स्वछता ,स्वास्थ्य, नावाचार इत्यादि क्षेत्रो में भी तेजी से कार्य समय समय पर कराये जा रहे है। आईजीएल को मिले इस अवार्ड से पुरे आईजीएल परिवार में हर्ष उल्लास का माहौल है।

## वर्षो से लंबित टेक्नोलोजी सेंटर निर्माण शुरू करवाने को दिया पत्रक



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भूमि की अनुपलब्धता के कारण वर्ष 2016 से लंबित टेक्नोलोजी सेंटर के निर्माण की मांग को लेकर लघु उद्योग भारती काशी प्रांत का प्रतिनिधि मंडल प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र कार्यालय वाराणसी मे मिला और पत्रक सौंपा` लघु उद्योग भारती काशी प्रांत के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कहा की टेक्नोलोजी सेंटर निर्माण को तुरंत शुरू किया जाये जिससे पूर्वांचल के छात्रों को राहत मिल सके संगठन की वर्षो पुरानी टेक्नोलोजी सेंटर निर्माण मांग को वर्ष 2016 में सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा रुपया 200 करोड़ से बनने वाले टेक्नोलोजी सेंटर को अनुमोदित किया गया था परंतु भूमि नही मिलने के कारण आज तक यह योजना मूर्ति रूप नही ले पाई है जिसके कारण पूर्वांचल के छात्र - छात्राओ को तकनीकी शिक्षा के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है टेक्नोलोजी सेंटर का निर्माण होने से प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र व समस्त पूर्वांचल के छात्र - छात्राओ का तकनीकी शिक्षा के लिए पलायन रुक जाएगा तथा अपने पूर्वांचल में ही तकनीकी शिक्षा का लाभ ले सकेंगे।

## इलेक्ट्रिक वाहनों का शाहंशाह है इलेक्ट्रिक्स स्कूटी




प्रखर वाराणसी। इलेक्ट्रिक वेहिकल की दुनिया में एक और नया नाम जुड़ गया है लेक्ट्रिक्स स्कूटी का। यह स्कूटी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का शाहंशाह है। स्कूटी नई तकनीकी पर जांचने परखने के बाद बाजार में लाई गई है। इस बात की जानकारी कंपनी

**तीन नए मॉडल बाजार में आये, पर्यावरण हितैषी और तकनीकी पर जांचा परखा उत्पाद**

के वाइस प्रेसिडेंट विल्ली सी ने आज वाराणसी में कहीं।मौका था कंपनी की ओर से स्कूटी के लॉन्चिंग का।वाइस प्रेसिडेंट ने बताया कि यह स्कूटी अभी ती नए मॉडलों में जनता के सामने प्रस्तुत किया गया है। भविष्य में और नए मॉडल बाजार में उतारे जाएंगे।बताया कि बदलते समय में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग अधिक हो रही है।ऐसे में देश की नामचीन कंपनी ने यह उत्पाद तैयार कर देशवासियों को नवरात्र की सौगात दी है। बताया कि कंपनी ने scooty के अधिकांश पाट्र्स भारत में ही तैयार किए हैं। इस वाहन की चार वर्ष की वारंटी है। इसका मोटर वाटर प्रूफ है।इसकी बैटरी मात्र डेढ़ घंटे में फुल चार्ज हो जाती है। कम कीमत में बढ़िया एवरेज देने वाली स्कूटी देश के लोगों की पहली पसंद बन रही है। लॉन्चिंग के अवसर पर एरिया सेल्स मैनेजर गोरखनाथ गुप्ता, वाराणसी प्रतिष्ठान के मनीष चौरसिया, मानस सिंह,प्रीति जायसवाल सहित बहुत से लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीढ़ी पर अचेत होकर गिरी महिला श्रद्धालु की ईओ अंगद गुप्ता ने की मदद

प्रखर मिजार्पुर। चैत्र नवरात्रि पर मां विंध्यवासिनी के दर्शन करने सेमरी ग्राम कछवा से आई महिला श्रद्धालु सीमा मिश्रा अखाड़ा घाट की सीढ़ियों पर अचेत होकर गिर पड़ी।इस दौरान मेला क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे ईओ अंगद गुप्ता ने तत्काल सफाई निरीक्षक नंदकिशोर शर्मा एवं अन्य कर्मचारियों की मदद से महिला श्रद्धालु को शनि देव के मंदिर पर लिटाया।ईओ ने तत्काल फोन से मेला क्षेत्र में लगे मेडिकल टीम से संपर्क कर प्राथमिक उपचार के लिए अखाड़ा घाट आने को कहा।इस दौरान ईओ ने महिला को पानी और खुद ही पंखा हाककर उसके परिवार वालो के बारे में जानकारी ली।खबर लिखे जाने तक महिला के परिवारीजन मौके पर पहुंच गए है उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

### झूलेलाल जयंती पर स्माइल परिवार सिंधी सेवा समिति द्वारा निकाली गयी मोटर साईकिल रैली



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। झूलेलाल जयंती के शुभ अवसर पर स्माइल परिवार सिंधी सेवा समिति द्वारा एक भव्य मोटर साईकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमे काफी संख्या में महिलाएं, पुरूष व बच्चे मौजूद रहे` यह रैली मौलवी बाग से शुरू होकर सिंधु नगर, कमला नगर, रानीपुर, झूलेलाल नगर, कालिया नगर, श्री नगर होते हुए लक्सा स्थित झूलेलाल मन्दिर पर समाप्त हुआ` रैली का जगह - जगह सिंधी समाज के लोगो द्वारा स्वागत एवम् प्रसाद वितरण भी किया जा रहा था रैली में मुख्य रूप से रवि होतवानी, सत्येंद्र मंशानी, सागर सावलानी, राजेश रूपेजा, रवि सेहता, रोहित आडवाणी, विजय वाधवानी, बादल बत्रा, विशाल बालानी एवं महिलाओं में प्रिया गिडवानी, सीमा रुपेजा, पलक वाधवानी, कृतिका वाधवानी, भाविका आडवाणी, स्नेहा सेहता मौजूद रहीं।

### प्रतियोगी परीक्षा में 90% अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को फ्री शिक्षा देगा नानक स्कूल




प्रखर जौनपुर। जौनपुर जिला के ग्रामीणांचल हरबसपुर, फूलपुर में अवस्थित नानक पब्लिक स्कूल जिले का अतुलनीय स्कूल है जो क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनकी शिक्षा के लिए उत्तम शिक्षा व्यवस्था के साथ आर्थिक रूप एवं अन्य सुविधाओं से लाभान्वित करते रहा है इसी कड़ी में सन् 2023-24 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुनः बहुत सारी सुविधाएं देने के लिए अग्रसर है कक्षा 3 से कक्षा 9 एवं कक्षा 11 में प्रवेश के लिए एक खुली परीक्षा सभी अभ्यर्थियों के लिए, जो प्रवेश पाने के इच्छुक हैं, दिनांक 26 मार्च को स्कूल में आयोजित की जाएगी । इस प्रवेश परीक्षा में किसी भी बोर्ड से संबंधित अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। परीक्षा में 90% से ऊपर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को पूरे वर्ष निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। इस परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी स्कूल में निःशुल्क फार्म लेकर, भरकर 25 मार्च तक अवश्य रूप से जमा कर दें। परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थी 26 मार्च को सुबह 9:30 बजे स्कूल में रिपोर्ट कर जाएं। परीक्षा हिंदी, गणित, अंग्रेजी एवं विज्ञान विषयों के लिए आयोजित की जाएगी एवं इस परीक्षा की समयावधि 1 घंटा 30 मिनट की होगी। परीक्षा सुबह 10:00 बजे से शुरू होगी। अन्य विशेष जानकारी के लिए स्कूल के कार्यालय में सुबह 8:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

### आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में सम्पन्न




नई दिल्ली। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज दिल्ली के मुक्ताधारा एंपोरियम में सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री ओमकार नाथ झा ने किया।बैठक में राष्ट्रीय महासचिव विशम्भर बासु ने कहा कि 22-3-2023को देशव्यापी आंदोलन जन्तर मन्तर पर जो देश राशन डीलरो द्वारा किया गया वह ऐतिहासिक रहा।इतनी विशाल संख्या में आप लोगों की उपस्थिति दिल्ली में केन्द्र सरकार को सोचने पर मजबूर किया है।आज केन्द्र खाद्य रसद मंत्री पियूष गोयल डीलरो के एक प्रतिनिधिमंडल से मिले। बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि जल्द ही हम आपके राष्ट्रीय महासचिव विश्वभर बासु और उनके साथ अन्य राज्यों के एक एक प्रतिनिधि से बात करेंगे डीलरो के हित में। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी राष्ट्रीय सचिव गिरीश तिवारी राजेश शैलेन्द्र गर्ग दिल्ली कर्मजीत सिंह पंजाब रामदेव सिन्हा छत्तीसगढ़ अमित गुप्ता जम्बू? काश्मीर वरूण सिंह बिहार शीशपाल गोधरा हरियाणा तथा क ई राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित थे।

### कुंवर वीरेंद्र सिंह की एक और नेकी कैंसर पीड़ित को मिला ब्लड प्लेटलेट्स



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मेडिकल कॉलेज में भर्ती असहाय सूरज प्रकाश उम्र 16 वर्ष पुत्र उमाशंकर प्लास्टिक एनीमिया (कैंसर) से पीड़ित है जिनका इलाज पीजीआई लखनऊ में चल रहा है । जहां डॉक्टर ने दो यूनिट ब्लड और प्लेटलेट्स चढ़ाने के बाद ब्रोन मैरो कराने का सुझाव दिए है सूरज प्रकाश को तत्काल दो यूनिट ब्लड और प्लेटलेट्स की आवश्यकता थी ।पीजीआई में ब्लड और प्लेटलेट्स की व्यवस्था नही होने पर लावारिस तथा असहायों के नाथ कुँवर वीरेन्द्र सिंह ने पीजीआई में भर्ती सूरज प्रकाश के पिता उमाशंकर जी से बात किया और सूरज प्रकाश को गाजीपुर बुलाकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराकर एक यूनिट ब्लड मेडिकल कॉलेज में कार्यरत स्टॉप नर्स पूजा राय द्वारा रक्तदान किया गया और दूसरा रक्तदान मुकेश सिंह ने किया और मरीज सूरज प्रकाश और उनके असहाय पिता उमाशंकर जी से मिलकर चले गए। बताते चले कि सूरज प्रकाश को पीजीआई में भर्ती कराने में आरुष चौधरी जी का बहुत योगदान रहा है।



# एच3एन2 इन्फ्लूएंजा


## बिना डॉक्टर की सलाह पर न लें एंटीबायोटिक दवा

■ सहारा हास्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह

लखनऊ। देश में एच3एन2 वायरस का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। माना जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में एच3एन2 के लक्षणों वाले मरीजों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। इसके लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इंफ्लूएंजा एच3एन2 से सबसे ज्यादा छोटे बच्चों व बुजुर्गो को बचाव की आवश्यकता है, क्योंकि पहले से ही उनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है, इसके कारण वह जल्दी संक्रमण की चपेट में आ जाते है। खास कर वह लोग जिन्हें पहले से श्वसनतंत्र या फेफड़े से जुड़ी बीमारी है, उन्हें बचाव के लिए ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है।



इसी तरह छोटे बच्चों को बचाव की आवश्यकता है। कोरोना काल की तरह मास्क व हाथों को स्वच्छ रखना इन सभी प्रोटोकाल को पुनः अपनाने की आवश्यकता है जिससे संक्रमण से बचाव किया जा सकता है। मरीज को एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन खुद से न करके डाक्टर से परामर्श के अनुसार ही लेना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने सभी सरकारी व निजी अस्पतालों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं।फ्लू के अन्य वायरस की तुलना में एच3एन2 इन्फ्लूएंजा वायरस की संक्रामकता एवं लक्षणों की तीव्रता ज्यादा है। पहले के फ्लू में 3 से 7 दिनों में लक्षण खत्म हो जाते थे और मरीज स्वस्थ हो जाते थे, किन्तु एच3एन2 इन्फ्लूएंजा के लक्षण मरीजों में लम्बे समय तक लगभग 15 दिनों तक और इससे भी ज्यादा समय तक रहते है। अगर इतिहास में देखें तो वर्ष 1918-19 में स्पेनिश फ्लू, 2002-03 में सार्स, 2005 में फ्लू, 2009-10 में स्वाइन फ्लू, 2014-15 में इबोला और 2019 से कोविड-19 का गंभीर रूप सामने आया है। उपचार की बात की जाए तो जैसे ही लोगों को वायरस के शुरूआती लक्षण दिखने लगें तो कुछ जरूरी बातों को ध्यान में रखकर इससे बचा जा सकता है। सबसे पहले तो अपने चिकित्सक से परामर्श लें। इसमें एंटीबायोटिक का कोई खास रोल नही होता है, इसलिए किसी भी प्रकार की एन्टीबायोटिक का इस्तेमाल बिना डॉक्टर के परामर्श के न करें। इन्फ्लूएंजा के एक टीके से एच1एन1, एच2एन2 के साथ-साथ एच3एन2 से भी बचाव होगा।





डॉ. अहमद इमरान हनफी
सीनियर कंसलटेंट, इंटरनल मेडिसिन, सहारा हॉस्पिटल

**सहारा हॉस्पिटल के फिजिशियन डॉक्टर अहमद इमरान हनफी ने बताया कि निम्न लक्षणों को सही समय पर पहचान कर इसकी गम्भीरता से बचा जा सकता है।**

**एनफ्लूएंजा/एच3एन2 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम**

- सार्वजनिक स्थलों, चिकित्सालयों, कार्यालयों, बाजारों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क एवं सेनेटाइजर का प्रयोग करें।
- खांसते एवं छींकते वक्त नाक एवं मुंह ढक कर रखें।
- नाक, चेहरा एवं आंख को बार-बार छूने से बचें।
- पानी एवं तरल पदार्थ का अत्यधिक प्रयोग करें।
- हाथ मिलाने एवं गले मिलने से बचें।
- सार्वजनिक स्थलों पर थूकें नहीं।
- सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित करें।
- वृद्ध एवं बच्चों को उक्त भीड़भाड़ वाले जगहों पर ले जाने से बचें।
- सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों, बाजारों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर साफ-सफाई सुदृढ़ रखी जाए तथा जनमानस को एनफ्लूएंजा से बचाव हेतु प्रचार-प्रसार किया जाए।



**सीजनल एनफ्लूएंजा/एच3एन2 के लक्षण :**

- खांसी, गले में खराश, नाक बहना या नाक बंद रहना, सिरदर्द, शरीर में दर्द, बुखार, ठंड लगना, थकान, सांस फूलना, दस्त एवं उल्टी। डॉक्टर हनफी ने यह भी बताया कि एनफ्लूएंजा के लक्षण आने पर चिकित्सीय परामर्श पर ही दवा का प्रयोग करे।

सहारा इंडिया परिवार के वरिष्ठ सलाहकार अनिल विक्रम सिंह ने बताया कि हमारे माननीय अभिभावक 'सहाराश्री' जी द्वारा प्रदत्त विश्वस्तरीय सहारा हॉस्पिटल में कोरोना काल से लेकर अब तक किसी भी संक्रमण से मुस्तैदी से निपटने में सदैव अपनी भूमिका निभाई है। सिंह ने यह भी बताया कि विभिन्न माध्यमों से सहारा हॉस्पिटल न केवल बीमारियों के लक्षणों, निदान व बचाव हेतु जागरूकता प्रसारित करता है अपितु यहां की कुशल अनुभवी टीम 24 घंटे हर प्रकार की चुनौती व संक्रमित बीमारियों से निपटने के लिए दिन रात तत्पर रहती है।

## हार्मोन आधारित गर्भनिरोधक गोलियों से

# स्तन कैंसर का खतरा

नई दिल्ली (भाषा)। सभी तरह के हार्मोन आधारित गर्भनिरोधकों के इस्तेमाल से स्तन कैंसर की आशंका में थोड़ी वृद्धि होने की संभावना रहती है। यह दावा एक नवीनतम अध्ययन में किया गया है।

**कैंसर का इलाज करा रहीं 44 प्रतिशत महिलाएं और मिलान आंकड़े में शामिल 39 प्रतिशत महिलाएं हार्मोन आधारित गर्भनिरोधक गोलियां ले रही थीं और इनमें से आधी केवल प्रोजेस्टोजेन युक्त गर्भनिरोधक गोली का सेवन कर रही थीं।**

जर्नल पीएलओएस मेडिसीन में प्रकाशित अनुसंधान पत्र के मुताबिक एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टोजेन हार्मोन युक्त और केवल प्रोजेस्टोजेन गर्भनिरोधक से स्तन कैंसर की आशंका अपेक्षाकृत 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टोजेन हार्मोन युक्त गर्भनिरोधक गोली का पूर्व में स्तन कैंसर के खतरे में मामूली वृद्धि से संबंध पाया गया था लेकिन केवल प्रोजेस्टोजेन युक्त गर्भनिरोधक गोली से खतरे को लेकर सीमित आंकड़े उपलब्ध थे। उन्होंने बताया कि हालांकि प्रोजेस्टोजेन युक्त गर्भनिरोधक गोलियों के इस्तेमाल में हाल के सालों में वृद्धि देखी गई है और इंग्लैंड में लगभग सभी डॉक्टर प्रोजेस्टोजेन की गोली ही लिखते हैं। अनुसंधानकर्ताओं ने इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए ब्रिटिश प्राथमिक स्वास्थ्य आंकड़ों, क्लिनिकल प्रैक्टिस रिसर्च डाटालिंक (सीपीआरडी) में 1996 से 2017 के बीच स्तन कैंसर की पंजीकृत 50 साल से कम उम्र की 9,498 महिलाओं के आंकड़ों का विश्लेषण किया और इसके साथ ही उन्होंने सामान्य 18,171 महिलाओं के आंकड़ों से मिलान किया।

अनुसंधानकर्ताओं ने विश्लेषण में पाया कि स्तन कैंसर का इलाज करा रहीं 44 प्रतिशत महिलाएं और मिलान आंकड़े में शामिल 39 प्रतिशत महिलाएं हार्मोन आधारित गर्भनिरोधक गोलियां ले रही थीं और इनमें से आधी केवल प्रोजेस्टोजेन युक्त गर्भनिरोधक गोली का सेवन कर रही थीं। उन्होंने बताया कि अनुमान है कि पांच साल तक किसी भी तरह की हार्मोन युक्त गर्भनिरोधक गोली का सेवन करने वाली 16 से 20 साल उम्र की प्रति एक लाख महिला में स्तन कैंसर के आठ मामले आते हैं जबकि 35 से 39 वर्ष आयुवर्ग में यह संख्या प्रति एक लाख 265 है।





## अनुभव सिन्हा ने भीड़ में अभिनय के लिए भूमि पेडनेकर की तारीफ की




मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार अनुभव सिन्हा ने फिल्म भीड़ में भूमि पेडनेकर के अभिनय की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि वह भूमि के अभिनय के पहले दिन से दीवाने हैं। उन्होंने कहा कि जब वह पहले दिन सेट पर पहुंचे तो भूमि का एक इंटीमेट सीन शूट होना था। उन्होंने कहा कि वह इंटीमेट सीन शूट कर रहे थे और शूट का पहला दिन ही था और तभी उन्हें एक आइडिया आया। जिस कमरे में इंटीमेंट सीन शूट हो रहा था, वह कमरा काफी छोटा था। इसलिए वह दूसरे कमरे से मॉनिटर पर देख रहे थे। कैमरा शुरू होने ही वाला था तभी वह कमरे में गए और उन्होंने भूमि से कुछ कहा। अनुभव सिन्हा ने बताया कि जब आप इंटीमेट सीन करते है तो आपको इस तरह की बाते कहनी पड़ती है, जिन्हें भले ही आप कहना नहीं जानते हैं। इसलिए मै भूमि के पास गया और कुछ बताया। उन्होंने कहा कि कैमरा रोल होने के बाद जैसे ही एक्शन कहा तो भूमि ने बिल्कुल उन्हीं शब्दों का इस्तेमाल किया, जैसा कि उन्हें कहा गया था।' फिल्म भीड़ 24 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने नई गैर-लाभकारी पहल 'सेवा' शुरू की

मुंबई (भाषा)। स्टार जोड़ी अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने बुधवार को अपने-अपने फाउंडेशन के विलय की घोषणा की और 'सेवा' (एसईवीवीए) नाम से एक नई पहल शुरू की। एक संयुक्त बयान में अभिनेत्री अनुष्का और क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा कि नई पहल लोगों की जरूरत में मदद करेगी और यह किसी खास विषय तक ही सीमित नहीं है।दंपत्ति ने कहा, 'सेवा' का काम किसी विशेष विषय तक ही सीमित नहीं रहेगा। यह गैर लाभकारी संगठन मानवता का समर्थन करते हुए सामाजिक कल्याण के प्रयास जारी रखेगा, जो आज समय की जरूरत है।' विलय से पहले, शर्मा के फाउंडेशन को 'अनुष्का शर्मा फाउंडेशन' और कोहली के फाउंडेशन को 'विराट कोहली फाउंडेशन' कहा जाता था। नयी पहल के माध्यम से कोहली खेल क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति देना जारी रखेंगे और उन्हें प्रायोजित भी करेंगे।



## ओडिशा में टैक्स फ्री हुई कपिल शर्मा की फिल्म ज्विगाटो



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता कपिल शर्मा की फिल्म'ज्विगाटो'को ओडिशा सरकार ने टैक्स फ्री कर दिया है। नंदिता दास के निर्देशन में बनी फिल्म 'ज्विगाटो' में कपिल शर्मा और सहाना गोस्वामी की मुख्य भूमिका है।'ज्विगाटो' एक आम आदमी की कहानी है जो कोविड-19 महामारी के दौरान अपनी नौकरी से हाथ धो बैठता है। इस वजह से वह फूड डिलीवरी बॉय की तरह काम कर रहा है। कपिल शर्मा और नंदिता दास की फिल्म को ओडिशा सरकार ने टैक्स फ्री कर दिया है। इस फिल्म की शूटिंग भुवनेश्वर में हुई है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने फिल्म'ज्विगाटो'के लिए मनोरंजन कर से छूट देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। नंदिता दास ने इसके लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का आभार जताया है। फिल्म'ज्विगाटो'में कपिल शर्मा ने एक फूड डिलीवरी बॉय का रोल निभाया है।




## अभिनेता एनटीआर जूनियर की 30वीं फिल्म का हुआ भव्य मुहूर्त

मुंबई (भाषा)। अभिनेता एनटीआर जूनियर की 30वीं फिल्म का भव्य मुहूर्त किया गया। निर्माताओं ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। फिल्म के निर्माता एनटीआर आर्ट्स के हरि कृष्णा के. और युवसुधा आर्ट्स के सुधाकर मिकिलिनेनी हैं। अनिरुद्ध रविचंदर इसका संगीत देंगे। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, निर्माताओं ने फिल्म के मुहूर्त के लिए एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें फिल्मकार एस.एस. राजामौली, प्रशांत नील, मणि रत्नम, भूषण कुमार के अलावा अभिनेता प्रकाश राज और मेका श्रीकांत भी पहुंचे। विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्म 'आरआरआर' में जूनियर एनटीआर के साथ काम करने वाले निर्देशक राजामौली ने मंच पर 'फर्स्ट क्लैप' दिया। निर्माण कंपनी 'एनटीआर आर्ट्स' ने भी फिल्म का मुहूर्त किए जाने की सोशल मीडिया पर जानकारी दी।



## कंगना रनौत ने अपने जन्मदिन पर लोगों के प्रति आभार जताया



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने जन्मदिन के अवसर पर उन सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है, जो उनसे प्यार करते हैं। कंगना रनौत का आज 36वां जन्मदिन है। इस खास मौके उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है। कंगना इस वीडियो में ट्रेडिशनल लुक में नजर आयी। वीडियो में कंगना ने कहा, 'आज अपने जन्मदिन के अवसर पर मै अपने माता-पिता, अपने कुल देवी मां अंबिका जी और मेरे सारे गुरु, मेरे सारे प्रशंसक, शुभचिंतक, मेरा परिवार, दोस्त फैन्स सबके लिए आभार व्यक्त करती हूं'।'

कंगना ने कहा, मेरे शुओं का भी आभार व्यक्ति करती हूं, जिन्होंने आज तक कभी मुझे आराम नहीं करने दिया। चाहे कितनी भी सफलता मिली, पर फिर भी मुझे सफलता के मार्ग पर तत्पर रखा, मुझे लड़ना-संघर्ष करना सिखाया...उनकी भी मै हमेशा आभारी रहूंगी।'दोस्तों मेरी विचारधारा बहुत सरल है, मेरा आचरण और सोच भी बहुत सरल है और मै हमेशा ही सबका अच्छा चाहती हूं। इसके चलते यदि मैंने कभी किसी के लिए कुछ देशहित में या लार्जर पिक्चर के लिए मैंने किसी के लिए कुछ कहा हो और उनको उसका दुख हुआ हो ठेस लगी हो मै उसके लिए भी क्षमा चाहती हूं। मेरे दिल में सभी के लिए केवल प्यार है।

# अनन्या पांडे

### ओटीटी सीरीज कॉल मी बे में निभाएंगी मुख्य भूमिका

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज कॉल मी बे में मुख्य भूमिका निभाने जा रही हैं। अभिनेता वरुण धवन ने एक मजेदार वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्होंने गुरुवार को आगामी श्रृंखला में अनन्या पांडे को बे के रूप में पेश किया।वीडियो में, अनन्या वरुण को फैशन की बारीकियों पर कुछ कहते हुए दिखाई देती हैं। सीरीज की शूटिंग शुरू हो चुकी है। कॉल मी बे एक अरबपति फैशनिस्टा बे (अनन्या पांडे द्वारा अभिनीत) की कहानी है, जिसे उसके अमीर परिवार ने सेक्स स्कैंडल के कारण त्याग दिया है। फिर वो अकेली पड़ जाती है और कई पूर्वाग्रहों के इर्द-गिर्द अपनी यात्रा में खुद को खोजती है। शो के प्रोड्यूसर करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा हैं और निर्देशन कॉलिन डीकुन्हा ने किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएमडब्ल्यू की नई बाइक

नई दिल्ली। जर्मनी की लग्जरी कार विनिर्माता बीएमडब्ल्यू की दोपहिया वाहन इकाई बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने भारतीय बाजार में नई 'आर 18 ट्रांसकॉन्टिनेंटल क्रूजर' उतारी है। इसकी शोरूम कीमत 31.5 लाख रुपए है। बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने कहा, 'इस बाइक को पूरी तरह से निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में आर्डर किया जा सकता है।' कंपनी ने कहा कि इस नई पेशकश के साथ अब देश में क्रूजर श्रेणी में उसकी 3 मोटरसाइकिल हो गई हैं जिनके नाम हैं, आर 18, आर 18 क्लासिक व आर18 ट्रांसकॉन्टिनेंटल।

### कल्पतरु को ठेके मिले

नई दिल्ली। कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों में 2,477 करोड़ रुपए के ठेके मिले हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) और उसकी अंतरराष्ट्रीय सहायक कंपनियों ने 2,477 करोड़ रुपए के नए ठेके हासिल किए हैं। बयान के मुताबिक इनमें 1,181 करोड़ रुपए के ठेके टीएंडडी (पारेषण वितरण) कारोबार से संबंधित हैं।

### जीएसएस के शेयर चढ़े

नई दिल्ली। प्राकृतिक पत्थरों के प्रसंस्करण से जुड़ी कंपनी ग्लोबल सरफेसेस लिमिटेड (जीएसएल) के शेयर की बृहस्पतिवार को शेयर बाजार में शुरुआत अच्छी रही। यह निर्गम मूल्य 140 रुपए की तुलना में 17 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 163 रुपए के साथ कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य के मुकाबले 16.42 प्रतिशत अधिक है। बाद में यह 22.25 प्रतिशत चढ़कर 171.15 रुपए प्रति शेयर पर पहुंच गया। एनएसई में कंपनी के शेयर में 17.14 प्रतिशत बढ़त रही।

### हिस्सेदारी नहीं बेचेगी वेदांता

नई दिल्ली। वेदांता लिमिटेड ने कंपनी की हिस्सेदारी बेचने संबंधी खबरों को गलत और आधारहीन बताया है। कंपनी ने एक समाचार रिपोर्ट के बाद यह बयान दिया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि खनन उद्यमी अनिल अग्रवाल वेदांता में हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रहे हैं और कंपनी की पांच प्रतिशत से कम हिस्सेदारी बेचने की संभावना तलाश रहे हैं। कंपनी के प्रवक्ता के अनुसार, 'वेदांता लिमिटेड में हिस्सेदारी बेचने की खबर बेबुनियाद और पूरी तरह गलत है।'

### मार्स विगली के नए जीएम

नई दिल्ली। चाकलेट बनाने वाली अमेरिका की कंपनी मार्स रिगली ने कल्पेश परमार को एशियाई कारोबार का महाप्रबंधक (जीएम) बनाने की घोषणा की है। परमार, तत्काल प्रभाव से अब कंपनी के एशिया परिचालन का नेतृत्व करेंगे। वर्तमान में वह भारतीय कारोबार की अगुवाई कर रहे हैं। कंपनी ने अपने भारतीय परिचालन में शीर्ष प्रबंधन स्तर पर बदलाव के तहत यह कदम उठाया है। इसके अलावा, कंपनी ने तमेर कादरी को परमार की जगह भारत का नया महाप्रबंधक नियुक्त किया है। कादरी, वर्तमान में मार्स विगली के वैश्विक उदीयमान बाजार (जीईएम) क्षेत्र के न्यू मार्केट्स एंड फ्यूचर ग्रोथ के उपाध्यक्ष हैं।

### मोबाइल फोन निर्यात बढ़ा

नई दिल्ली। देश से मोबाइल फोन का निर्यात फरवरी में बढ़कर करीब 9.5 अरब डालर रहा। कुल निर्यात में एपल की हिस्सेदारी आधी है। मोबाइल उपकरण उद्योग संगठन इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रानिक्स एसोसिएशन के एक अधिकारी ने कहा कि उद्योग चालू वित्त वर्ष में देश से 10 अरब डालर मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात करने के लक्ष्य को पार करने के रास्ते पर है। उन्होंने कहा कि जनवरी के अंत में निर्यात करीब 8.5 अरब डालर था और फरवरी में यह 9.5 अरब डालर पर पहुंच गया। आईसीईए के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में देश से मोबाइल फोन का निर्यात 5.5 अरब डालर था।

### तोशिबा को आर्डर मिले

नई दिल्ली। तोशिबा समूह की कंपनी तोशिबा ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (टीटीडीआई) को गोवा और आंध्र प्रदेश में बिजली पारेषण और वितरण नेटवर्क को बेहतर बनाने को लेकर गैस इंसुलेटेड स्विचगियर के लिए आर्डर मिले हैं। विद्युत सबस्टेशन में गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जीआईएस) का उपयोग बिजली प्रणाली के सुचारू क्रियान्वयन और पारेषण तथा वितरण नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है।(एजेंसी)

# हाईब्रिड वर्क कल्चर के बावजूद भारतीय पेशेवरों को दफ्तर जाना पसंद

मुंबई (भाषा)।

देश में कोविड महामारी का प्रकोप कम होने के बावजूद हाइब्रिड (घर और दफ्तर से काम की सुविधा) कार्य संस्कृति जारी है, लेकिन भारतीय पेशेवर दफ्तर जाना पसंद कर रहे हैं। एक सर्वे में कहा गया है कि 10 में से आठ यानी करीब 78 प्रतिशत पेशेवर अपने सहयोगियों के साथ मेलजोल और जुड़ाव के लिए कार्यालय जाना पसंद करते हैं।

पेशेवर नेटवर्क मंच लिंक्डइन की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वे में शामिल 78 प्रतिशत पेशेवरों ने कहा कि वे अपनी पसंद के अनुरूप कार्यालय जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सर्वे में शामिल 86 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे एक साल पहले की तुलना में काम पर जाने के बारे में सकारात्मक महसूस करते हैं। लिंक्डइन की यह रिपोर्ट 1,001 से अधिक 18 वर्ष की उम्र से ऊपर के भारतीय कर्मचारियों की राय पर आधारित है।

यह सर्वे 28 फरवरी से छह मार्च, 2023 के बीच किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी के बाद फिर से कार्यालय खुलने पर हाइब्रिड कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए गए। साथ ही यह भी सवाल उठाया गया कि कार्यालय में समय की कमी और कम दृश्यता होने से किसी के करियर पर असर पड़ेगा।

- 78 फीसद लोग साथियों से मेलजोल की गरज से जाते हैं दफ्तर
- 86 फीसद लोगों को पहले की तुलना में अब सहज लगता है आफिस
- 63 फीसद लोगों ने कहा दूर से काम करने से करियर पर असर नहीं



लिंक्डइन की एक रिपोर्ट से पता चला है कि 63 प्रतिशत कर्मचारियों को लगता है कि दूर से काम करने से उनके करियर पर कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ता है। हालांकि, इतने ही प्रतिशत लोगों का मानना है कि अगर वे कार्यालय में कम समय बिताते हैं तो उनके करियर वृद्धि की संभावना कम हो सकती है। लिंक्डइन की प्रबंध संपादक नीरजिता बनर्जी ने कहा, 'कार्यालय में काम करने की बात आती है, तो हम मानसिकता में बदलाव देखना शुरू कर रहे हैं।

हालांकि, भारतीय पेशेवर लचीले काम के विकल्प को पसंद करते हैं, लेकिन वे कार्यालय से काम करने का भी फायदा ले रहे हैं।

## आयकर विभाग ने करदाताओं के लिए पेश किया नया ऐप

नई दिल्ली (भाषा)।

आयकर विभाग ने करदाताओं के लिये एक मोबाइल ऐप शुरू किया है। इस ऐप के जरिये करदाता टीडीएस समेत वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) मोबाइल पर देख सकेंगे।

विभाग ने बुधवार को कहा कि इससे करदाताओं को स्रोत पर कर कटौती/स्रोत पर कर संग्रह (टीडीएस/टीसीएस), ब्याज, लाभांश और शेयर सौदों के बारे में व्यापक सूचना प्राप्त होगी। साथ ही उन्हें उसपर अपनी राय देने का भी विकल्प मिलेगा। करदाता मोबाइल ऐप के जरिये वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस)/करदाता सूचना ब्योरा (टीआईएस) में उपलब्ध जानकारी देख सकेंगे।

# फसल बीमा के आनलाइन क्लेम की व्यवस्था शुरू

■ कृषि मंत्री ने डिजिटाइज्ड क्लेम सेटलमेंट माड्यूल 'डिजिक्लेम' शुरू किया

नई दिल्ली (वार्ता)।

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल के डिजिटाइज्ड क्लेम सेटलमेंट माड्यूल 'डिजीक्लेम' का गुरुवार को यहां शुभारंभ किया।

इस नवाचार के साथ ही, दावों का वितरण अब इलेक्ट्रानिक रूप से किया जाएगा, जिसका सीधा लाभ प्रारंभ में छह राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और हरियाणा के संबंधित किसानों को होगा। दावा भुगतान की प्रक्रिया अब स्वचालित हो जाएगी क्योंकि राज्यों द्वारा पोर्टल पर उपज डेटा जारी किया जाता है।




तोमर ने बटन दबाकर इन राज्यों के बीमित किसानों को 1260.35 करोड़ रुपए के बीमा दावों का भुगतान किया।

तोमर ने कहा कि डिजीक्लेम के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नई विधा का शुभारंभ हुआ, जिससे केंद्र-राज्य सरकारों को सुविधा के साथ ही, किसानों को क्लेम मिल जाएं, इसकी सुनिश्चितता पारदर्शिता के साथ की जा सकेगी। आयुष्मान भारत योजना के बाद प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, देश की बहुत बड़ी योजना है, जो प्राकृतिक परिस्थितियों पर आधारित है। पिछले छह साल से संचालित इस योजना के अंतर्गत बीमित किसानों को उनकी उपज के नुकसान की भरपाई के रूप में अभी तक 1.32 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय सभी राज्य सरकारों, बीमा कंपनियों और किसानों के संपर्क में भी रहता है और समय-समय पर आने वाली कठिनाइयों का परिमार्जन किया जाता है। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के लिए ग्रिवांस पोर्टल बनाया गया है, जिसका लाभ परिलक्षित हो रहा है।

## भारत पहुंचे विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अजय बंगा

नई दिल्ली (भाषा)।

विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अमेरिका की ओर से नामित अजय बंगा भारत के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान उनका प्रोग्राम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलने का भी है।

बंगा 23 से 25 मार्च तक नई दिल्ली के दौरे पर हैं। यह उनके तीन हफ्ते के वैश्विक दौरे का अंतिम पड़ाव है। उनका दौरा अफ्रीका से शुरू हुआ, फिर वह लातिन अमेरिका और एशिया पहुंचे। अमेरिका के वित्त विभाग ने एक बयान में कहा, 'भारत में, बंगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेशी मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात करेंगे। ये चर्चाएं भारत की विकास प्राथमिकताओं, विश्व बैंक और वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए चुनौतियों पर केंद्रित होंगी।' बंगा लर्निट इंस्टीट्यूट आफ स्किल्स भी जाएंगे, जो विश्व बैंक द्वारा आंशिक तौर पर वित्तपोषित और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से स्थापित व्यावसायिक संस्थानों का एक नेटवर्क है।

बयान में मुताबिक बंगा के नामांकन की घोषणा के तुरंत बाद भारत सरकार ने उनका समर्थन किया था।

# श्रीलंका ने भारत से खरीदे 20 लाख अंडे

■ श्रीलंका के बाजारों में अंडों की भारी किल्लत

कोलंबो (भाषा)।

श्रीलंका ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत से 20 लाख अंडों का आयात किया है। व्यापार मंत्री नलिन फर्नान्डो ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।



फर्नान्डो ने संसद को दी जानकारी में कहा कि स्टेट ट्रेडिंग जनरल ला कॉरपोरेशन ने अंडों का आयात किया है और यह खेप यहां पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि तीन दिन के भीतर इन्हें बाजार में पहुंचा दिया जाएगा। व्यापार मंत्री ने कहा कि देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मंत्रिमंडल समिति ने अंडे आयात करने का फैसला किया।

इससे पहले, जनवरी में जब बाजार में किल्लत की जानकारी मिली थी तब पशु उत्पादन एवं स्वास्थ्य विभाग ने भारत और पाकिस्तान से अंडे के आयात को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था क्योंकि दोनों ही देशों से इससे पहले बीते छह माह के दौरान बर्ड फ्लू के मामले सामने आए थे। स्वास्थ्य विभाग ने तब कहा था कि अंडे उसी देश से मंगवाए जाने चाहिए जहां बीते छह महीने में बर्ड फ्लू के मामले सामने नहीं आए हों।

# बॉब के राष्ट्रभाषा सम्मान के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

■ 22 मार्च से 7 अप्रैल तक खुला है रजिस्ट्रेशन

- उपन्यास के मूल लेखक को मिलेगा 21 लाख रुपए का पुरस्कार
- उपन्यास ट्रांसलेट करने वाले को मिलेंगे ₹15 लाख
- पांच अन्य चयनित कृतियों को भी दिया जाएगा पुरस्कार
- अन्य कृतियों में मूल लेखक को मिलेंगे तीन लाख रुपए
- पुस्तक को ट्रांसलेट करने वाले को मिलेंगे दो लाख रुपए

लखनऊ (एसएनबी)। भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अग्रणी, बैंक आफ़ बड़ौदा ने भारतीय भाषाओं में साहित्यिक लेखन को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष सम्मान 'बैंक आफ़ बड़ौदा (बॉब) राष्ट्रभाषा सम्मान' की शुरुआत की है। इस सम्मान' के अंतर्गत मूल रूप से भारतीय भाषाओं में लिखे गए उपन्यास की हिंदी में अनूदित श्रेष्ठ कृति को सम्मानित किया जाएगा। अब बैंक ने इस सम्मान के लिए प्रविष्टियों के आमंत्रण हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।




यह सम्मान भारतीय भाषाओं के बीच सामंजस्य को बढ़ाने और देश में साहित्यिक अनुवाद कार्य को प्रोत्साहित करने तथा आम लोगों के लिए हिंदी में श्रेष्ठ भारतीय साहित्य उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखता है। 'बैंक आफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान' योजना के तहत संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भारतीय भाषाओं में लिखे गए उपन्यास की हिंदी में अनूदित कृति सम्?मान हेतु पात्र होगी। सम्मान हेतु प्रविष्टियां हिंदी अनुवादकों के साथ-साथ प्रकाशकों से भी आमंत्रित की जा रही है। इस सम्मान के तहत प्रति वर्ष सम्मानित उपन्यास के मूल लेखक को ₹21.00 लाख तथा उस कृति के हिंदी अनुवादक को ₹15.00 लाख तथा अन्य पांच चयनित कृतियों के लिए प्रत्येक मूल लेखक को ₹3.00 लाख तथा उसके हिंदी अनुवादक को 2.00 लाख की सम्मान राशि दी जाएगी।

**पुरस्कार पाने को कैसे करें आवेदन**

इच्छुक व्यक्ति सम्मान पाने के लिए अपनी प्रविष्टि का पंजीकरण सात अप्रैल तक करा सकते हैं। प्रविष्टि के फार्म, नियम एवं शर्ते व अन्य प्रक्रिया की जानकारी बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in/bank-of-baroda-rashtrabhasha-samman पर भी हासिल की जा सकती है।

## बैंक प्रमुखों से शनिवार को मुलाकात करेंगी वित्त मंत्री

नई दिल्ली (भाषा)।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अमेरिका में कुछ बैंकों के विफल होने व क्रेडिट सुइस के संकट में आने की पृष्ठभूमि में 25 मार्च को सार्वजनिक बैंकों के प्रमुखों से मुलाकात कर बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा करेंगी।

एक सूत्र ने बताया कि इस बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), स्टैंड-अप इंडिया, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) और आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए तय लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में बैंकों ने कितनी प्रगति की है इसका जायजा लिया जाएगा। बजट 2023-24 के बाद यह पहली पूर्ण समीक्षा बैठक है।

# फ्लिपकार्ट ने आईफोन की जगह भेजा साबुन

■ फ्लिपकार्ट और विक्रेता को 25 हजार रुपए का हर्जाना देने के निर्देश

कोप्पल (कर्नाटक, (भाषा)।

उपभोक्ता आयोग ने ई-कामर्स कंपनी फ्लिकार्ट और एक खुदरा विक्रेता को सेवा में कमी तथा व्यापार के अनुचित तौर-तरीके अपनाने पर एक उपभोक्ता को 25,000 रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया है।

कर्नाटक के कोप्पल में रहने वाले हर्षा एस. ने एपल आईफोन आर्डर किया था लेकिन इसके बजाए उन्हें कपड़े धोने का एक साबुन और की-पैड वाला छोटा फोन भेज दिया गया। आईफोन के लिए हर्षा ने 48,999 रुपए का भुगतान किया था। कंपनी और खुदरा विक्रेता पर लगाया गया जुर्माना इस राशि के अतिरिक्त होगा। इसके बाद उपभोक्ता ने फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड और साने रिटेल्स के खिलाफ कोप्पल स्थित जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग का दरवाजा खटखटाया।

आयोग ने पिछले हफ्ते सुनाए फैसले में फ्लिपकार्ट और विक्रेता को सेवा में कमी का जिम्मेदार माना और कहा कि उनकी गतिविधि अनुचित व्यापार मानी जाएगी क्योंकि उन्होंने उत्पाद का पूरा भुगतान लेने के बावजूद गलत उत्पाद भेजा। इसमें उपभोक्ता को सेवा में कमी के बदले में 10,000 रुपए का और मानसिक प्रताड़ना के एवज में 15,000 रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया गया। कंपनी और विक्रेता को फोन के बदले में वसूले गए 48,999 रुपए भी आठ हफ्ते के भीतर लौटाने का आदेश दिया गया है।




# ओएफएस के जरिए एचएएल के शेयरों की बिक्री शुरू

■ पहला दिन संस्थागत निवेशकों के लिए था आरक्षित ■ खुदरा निवेशक आज खरीद सकेंगे कंपनी के शेयर

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार ने बृहस्पतिवार को सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में अपनी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी 2,450 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेचने के लिए ओएफएस को पेश किया। इसके जरिए सरकार को करीब 2,800 करोड़ रुपए मिलने की संभावना है।

एचएएल ने बुधवार को शेयर बाजारों को यह सूचना दी। इसके मुताबिक, सरकार एचएएल में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए दो दिन की खुली बिक्री पेशकश (ओएफएस) लेकर आई है। संस्थागत निवेशक बृहस्पतिवार को जबकि खुदरा निवेशक शुक्रवार को इसके शेयरों की खरीद कर पाएंगे। एचएएल के ओएफएस के तहत बुनियादी तौर पर 1.75 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 58.51 लाख शेयर की पेशकश की जाएगी और अधिक अभिदान होने की स्थिति में इतने और शेयरों की बिक्री का विकल्प रहेगा। इस तरह एचएएल की कुल 3.5 प्रतिशत तक हिस्सेदारी की पेशकश की जा सकती है। ओएफएस के तहत 2,450 रुपए प्रति शेयर का न्यूनतम मूल्य तय किया गया है। इस भाव से अगर 3.5 प्रतिशत की समूची हिस्सेदारी की बिक्री हो जाती है तो सरकार को 2,800 करोड़ रुपए मिलेंगे। एचएएल में सरकार के पास फिलहाल 75.15 प्रतिशत हिस्सा है। इस हिस्सेदारी बिक्री से सरकार को अपना विनिवेश राजस्व बढाने में मदद मिलेगी। सरकार ने अबतक केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के विनिवेश और शेयर पुनर्खरीद के जरिए चालू वित्त वर्ष में 31,106.64 करोड़ रुपए जुटाए हैं।

हालांकि, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए विनिवेश लक्ष्य 65,000 करोड़ रुपए का रखा गया था लेकिन पिछले महीने इसे संशोधित कर 50,000 करोड़ रुपए कर दिया गया था।

- शेयरों की बिक्री से सरकार को मिलेंगे 2800 करोड़
- कंपनी में सरकार की है 75.15 फीसद हिस्सेदारी

# मारुति व होंडा की कारें महंगी होंगी

■ हीरो मोटाकॉर्प व टाटा मोटर्स पहले ही कर चुकी हैं मूल्यवृद्धि का ऐलान

नई दिल्ली (भाषा)। मारुति सुजुकी इंडिया के वाहनों के दाम अप्रैल से बढ़ने वाले हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि नियामक आवश्यकताओं और मुद्रास्फीति के असर को आंशिक रूप से कम करने के लिए उसे दामों में वृद्धि करनी पड़ रही है। हालांकि कंपनी ने यह नहीं बताया कि मूल्य वृद्धि कितनी होगी।



मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजारों को भेजी जानकारी में कहा कि कुल मुद्रास्फीति और नियामक आवश्यकताओं की वजह से उसे लागत दबाव का लगातार सामना करना पड़ रहा है। कंपनी लागत को घटाने के हर संभव प्रयास कर रही है लेकिन मूल्य वृद्धि का कुछ भार ग्राहकों पर डालने पर वह मजबूर है। कंपनी ने कहा कि वाहनों के दाम अप्रैल 2023 से बढ़ाए जाएंगे और यह मूल्य वृद्धि विभिन्न माडल के लिए भिन्न होगी।

उधर होंडा कार्स इंडिया की एक अप्रैल से अपनी शुरुआती स्तर की कॉम्पैक्ट सेडान 'अमेज' के दाम 12,000 रुपए तक बढ़ाने की योजना है। कंपनी ने बुधवार को कहा कि कीमतों में वृद्धि अगले महीने से लागू सख्त उत्सर्जन नियम के मद्देनजर की गई है। कीमतों में यह बढ़ोतरी माडल के अलग-अलग संस्करण के लिए भिन्न होगी। होंडा कार्स इंडिया के उपाध्यक्ष (विपणन एवं बिक्री) कुणाल बहल ने कहा, 'अमेज के दाम एक अप्रैल से 12,000 रुपए तक बढाए जाएंगे। यह वृद्धि कड़े उत्सर्जन नियमों के कारण उत्पादन लागत में बढ़ोतरी को ध्यान में रखकर की जा रही है।' कई अन्य कंपनियां पहले ही दाम बढ़ाने का ऐलान कर चुकी हैं।

## इंफोसिस के बोर्ड से रिटायर हुईं किरण

नई दिल्ली (भाषा)।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इन्फोसिस ने बृहस्पतिवार को अपने निदेशक मंडल से किरण मजूमदार शॉ की सेवानिवृत्ति की घोषणा की। यह आदेश 22 मार्च, 2023 को शॉ का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रभावी हो गया।

यहां जारी किए गए एक बयान के अनुसार, इन्फोसिस के बोर्ड ने प्रमुख स्वतंत्र निदेशक पद के लिए नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश पर 23 मार्च से डी. सुंदरम को चुना है। मजूमदार शॉ 2014 में इन्फोसिस बोर्ड की स्वतंत्र निदेशक चुनी गई थीं और 2018 में वह प्रमुख स्वतंत्र निदेशक चुनी गई।

# सेंसेक्स 289 अंक टूटकर 58000 से नीचे आया

मुंबई (भाषा)। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बृहस्पतिवार को विराम लगा और उतार-चढाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 289 अंक टूटकर 58,000 अंक से नीचे फिसल गया। यूरोपीय बाजारों के कमजोर रुख के साथ बैंक, वित्तीय और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में भारी बिकवाली से बाजार पर दबाव बना।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 289.31 अंक यानी 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,925.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 58,396.17 अंक तक गया और नीचे में 57,838.85 अंक तक आया। सेंसेक्स के 16 शेयर नुकसान में रहे। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 75 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,076.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 30 शेयर नुकसान में रहे। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान में भारतीय स्टेट बैंक रहा।

# वनडे : बांग्लादेश का बड़ा धमाका, 13.1 ओवर में मैच जीत रचा इतिहास

- 10 विकेट से सबसे कम ओवर में जीत हासिल करने वाली दुनिया की 10वीं टीम
- बांग्लादेश ने इससे पहले 5 बार 9 विकेट से हासिल की थी जीत
- बांग्लादेश की तीन मैचों की वनडे सीरीज पर 2–0 से जमाया कब्जा

एजेंसी ▸▸ सिलहट

वनडे वर्ल्ड कप से पहले बांग्लादेश की क्रिकेट टीम ने बड़ा धमाका कर दिया है। आयरलैंड के खिलाफ गुरुवार को सिलहट में खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले में बांग्लादेश ने महज 13.1 ओवर में ही 102 रन का टार्गेट अचीव कर लिया। खास बात यह है कि उन्होंने 10 विकेट से बड़ी जीत हासिल की। इसी के साथ बांग्लादेश ने वनडे क्रिकेट में बड़ा रिकॉर्ड दर्ज किया।

बांग्लादेश की टीम ने पहली बार 10 विकेट से जीत हासिल की है। इससे पहले टीम ने 5 बार 9 विकेट से जीत हासिल की थी, लेकिन गुरुवार को बड़ी जीत हासिल कर उन्होंने अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया। इसी के साथ बांग्लादेश की टीम वनडे में 10 विकेट से सबसे कम ओवर में जीत हासिल करने वाली दुनिया की 10वीं टीम बन गई। इससे पहले बांग्लादेश की बड़ी जीत केन्या के खिलाफ 2006 में आई थी। टीम ने 23.5 ओवर में एक विकेट खोकर 162 रनों का टार्गेट अचीव किया था।



### 5 विकेट लेने वाले छठे सबसे युवा गेंदबाज

हसन महमूद ने पहली बार 5 विकेट चटकाकर अपने नाम एक रिकॉर्ड दर्ज किया। वह बांग्लादेश के लिए 5 विकेट लेने वाले छठे सबसे युवा गेंदबाज बन गए। उन्होंने 23 साल 162 दिन की उम्र में ये कारनामा किया। बांग्लादेश के लिए 5 विकेट हॉल लेने के मामले में आफताब अहमद का नाम शीर्ष पर है। उन्होंने 18 साल, 361 दिन में 5 विकेट चटका दिए थे। वहीं तस्कीन अहमद 19 साल 75 दिन, मुस्तफिजुर रहमान 19 साल 285 दिन, फरहाद रेजा 21 साल 278 दिन और मशरफे मुर्तजा 22 साल 314 दिन की उम्र में ये कारनामा कर चुके हैं। हसन ने इस मामले में बांग्लादेश के गेंदबाज रुबेल हुसैन का रिकॉर्ड तोड़ा। रुबेल ने 23 साल 301 दिन की उम्र में ये कीर्तमान गढ़ा था। ओवरऑल रिकॉर्ड अफगानिस्तान के गेंदबाज मुजीबुर रहमान के नाम दर्ज है। वह महज 16 साल 325 दिन में ये कारनामा कर चुके हैं।

### सबसे कम ओवर में 10 विकेट से जीत

| टीमें | ओवर |
|---|---|
| न्यूजीलैंड | 6 ओवर |
| न्यूजीलैंड | 8 ओवर |
| न्यूजीलैंड | 8.2 ओवर |
| ऑस्ट्रेलिया | 11 ओवर |
| भारत | 11.3 ओवर |
| श्रीलंका | 11.5 ओवर |
| द.अफ्रीका | 12 ओवर |
| इंग्लैंड | 12.1 ओवर |
| ऑस्ट्रेलिया | 12.2 ओवर |
| बांग्लादेश | 13.1 ओवर |

*हसन की घातक गेंदबाजी : आयरलैंड के खिलाफ मैच में बांग्लादेश ने उसे 101 रनों पर ढेर कर दिया। बांग्लादेश के 23 साल के युवा गेंदबाज हसन महमूद ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट चटका डाले। हसन के अलावा तस्कीन अहमद ने 3 और इबादत हुसैन ने 2 विकेट चटकाकर आयरलैंड की बखिया उधेड़ दी। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरे तमीम इकबाल ने नाबाद 41 और लिटन दास ने नाबाद 50 रन ठोक टीम को बड़ी जीत दिला दी। इस जीत के साथ ही बांग्लादेश ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-0 से जीत ली।*

## खबर संक्षेप



### हम बड़े अंतर से जीत सकते थे : स्टिमक

इंफाल। भारत ने त्रिकोणीय अंतरराष्ट्रीय फुटबाल टूर्नामेंट के पहले मैच में म्यामां को 1-0 से हराया लेकिन मुख्य कोच इगोर स्टिमक का मानना है कि मेजबान टीम के दबदबे को देखते हुए उसे बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी चाहिए थी। कप्तान सुनील छेत्री से जुड़े दो फैसलों के कारण भारत दो गोल नहीं कर पाया। इसमें पहले हाफ में भारत को पेनल्टी नहीं दी गई जबकि एक अवसर पर ऑफसाइड होने के कारण गोल अमान्य करार दिया गया।

### गुजरात के भविष्य के कप्तान बनेंगे गिल

मुंबई। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी का मानना है कि भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की क्रिकेट



की समझ बहुत अच्छी है और वह भविष्य में इस फ्रेंचाइजी टीम के कप्तान बन सकते हैं। गिल पिछले छह महीने से भारतीय टीम का अहम हिस्सा बने हुए हैं और इस बीच उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में दोहरा शतक लगाना भी शामिल है।

### बेयरस्टो आईपीएल से बाहर लिविंगस्टोन को हरी झंडी

नई दिल्ली। पांव की चोट से उबर रहे इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो अपने देश के क्रिकेट



बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण इस साल इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल 31 मार्च से शुरू हो रहा है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने हालांकि ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन को इस टी20 टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दे दी है जिन्होंने घुटने और टखने की चोट से उबरने के बाद वापसी की है।

### सलीमा टेटे एएचएफ की एथलीट दूत नियुक्त



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे को गुरुवार को दो साल के लिए एएचएफ का एथलीट दूत नियुक्त किया गया। टेटे ने कोरिया के मुंगेयोंग में एशियाई हॉकी महासंघ की कांग्रेस के दौरान प्रमाण पत्र और इस पद को स्वीकार किया। वह 25 मार्च से यह जिम्मेदारी संभालेंगी। अपनी अगुवाई में भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम को दक्षिण अफ्रीका के पोचेफस्ट्रूम में 2021 एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप में चौथा स्थान दिलाने वाली टेटे इस पद के लिए एशिया से नियुक्त चार खिलाड़ियों में से एक हैं।

### जरीन ने रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता वालेंसिया को 5-0 से रौंदा


# लवलीना, निखत, नीतू और स्वीटी स्वर्ण से एक कदम दूर


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

निखत जरीन (50 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), नीतू गघांस (48 किग्रा) और स्वीटी बूरा (81 किग्रा) ने गुरुवार को यहां सेमीफाइनल में शानदार जीत से महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया।

निखत ने जहां रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कोलंबिया की इंग्रिट वालेंसिया को 5-0 से शिकस्त दी तो वहीं नीतू ने कजाखस्तान की अलुआ बाल्कीबेकोवा पर 5-2 से जीत हासिल की। दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना ने चीन की लि कियान पर 4-1 की जीत से पहली बार विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। वहीं स्वीटी ने आस्ट्रेलिया की सुए एम्मान ग्रीनट्री पर 4-3 से जीत हासिल की। निखत (52 किग्रा वर्ग की मौजूदा चैंपियन) इस प्रतियोगिता में 50 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा ले रही हैं।







वालेंसिया के खिलाफ निखत पूरी तैयारी से रिंग में उतरी थीं। निकहत ने पहले दो राउंड में आक्रामण किया और फिर उन्होंने रक्षण किया। सर्वसम्मत फैसले से जीत मिलना निखत के कौशल और शारीरिक फिटनेस को दिखाता है और तेलगांना की इस मुक्केबाज को फाइनल में पहुंचने के लिए पांच मुकाबले लड़ने पड़े। निकहत ने कहा, 'आज का मुकाबला सर्वश्रेष्ठ रहा। मुझे लगता है कि जब मैं तकनीकी रूप से दक्ष मुक्केबाज से भिड़ती हूं तो बेहतर करती हूं। मैं पहले भी उसके खिलाफ खेली हूं और वह काफी अनुभवी मुक्केबाज है।' अब स्वर्ण पदक के लिए निकहत का सामना वियतनाम की दो बार की एशियाई चैंपियन एनगुएन थि ताम से होगा।

### नीतू ने जड़े 'हुक्स' और 'जैब्स'



नीतू और बाल्कीबेकोवा के बीच मुकाबला पिछले साल के क्वार्टर फाइनल जैसा ही था। इसमें राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन नीतू और बाल्कीबेकोवा ने पहले दौर में एक दूसरे पर जमकर मुक्के जड़े। हालांकि कजाखस्तान की मुक्केबाज ज्यादा हावी रहीं जिससे पहला राउंड 3-2 से उनके नाम रहा। दूसरे राउंड में हालांकि नीतू ने मजबूत वापसी करते हुए दमदार 'हुक्स' और 'जैब्स' जड़े। दोनों मुक्केबाज एक दूसरे को जकड़ने की कोशिश करती रहीं लेकिन नीतू इस राउंड को अपने नाम करने में सफल रही। अगले तीन मिनट काफी तनावपूर्ण रहे जिसमें नीतू ने पिछले चरण की रजत पदक विजेता बाल्कीबेकोवा से बेहतर प्रदर्शन किया जिससे मुकाबले का 'रिव्यू' किया गया और उन्हें विजेता घोषित किया गया। नीतू का सामना अब शनिवार को एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मंगोलिया की लुतसाईखान अल्टांटसेतसेग से होगा।

# प्रणय और श्रीकांत स्विस ओपन से बाहर, जीती सिंधू



एजेंसी ▸▸ बासेल

विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी और पांचवें वरीय एचएस प्रणय गुरुवार को यहां फ्रांस के गैर वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव से सीधे गेम में हारकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए। प्रणय मुकाबले में प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। पर वह दुनिया के 40वें नंबर के पोपोव के सामने काफी फीके दिखाई दिए और कोई चुनौती नहीं दे सके। वह 8-21, 8-21 से हारकर पुरुष एकल स्पर्धा से बाहर हो गए। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए यह दिन काफी खराब साबित हुआ क्योंकि किदाम्बी श्रीकांत गुरुवार को बाहर होने वाले पहले खिलाड़ी रहे जो हांगकांग के चेयुक यियू ली से हार गए। 20वीं रैंकिंग पर काबिज श्रीकांत और 19वीं रैंकिंग के चेयुक यियू ली के बीच मुकाबला कड़ा रहा। लेकिन हांगकांग के खिलाड़ी ने संयम बरतते हुए एकल प्री क्वार्टर फाइनल में 22-20, 21-17 से जीत हासिल की। राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ भी दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए।

### राडुकानू, स्टीफंस और मर्रे पहले दौर में बाहर

*मियामी गार्डन्स। पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन एमा राडुकानू और सलोनी स्टीफंस मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई जबकि विश्व की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियाटेक को पसली की चोट के कारण प्रतियोगिता से हटना पड़ा। अमेरिकी ओपन में 2019 की चैंपियन बियांका आंद्रिस्कु ने राडुकानू को 6-3, 3-6, 6-2 से पराजित किया। आंद्रिस्कु का अगला मुकाबला दसवीं रैंकिंग की मरिया सक्कारी से होगा जिन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। महिला एकल के एक अन्य मुकाबले में शेल्बी रोजर्स ने स्टीफंस को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। रोजर्स का सामना अब ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। इस बीच पुरुष वर्ग में दुसान लाजोविच ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन एंडी मर्रे को 6-4, 7-5 से हराया।*

# 3-3 के ड्रॉ पर छूटा मध्यप्रदेश और राजस्थान का हॉकी मैच

▸▸ राजनांदगांव

हॉकी इण्डिया द्वारा संचालित व हॉकी छत्तीसगढ़ की मेजबानी में आयोजित प्रथम हॉकी इंडिया वेस्ट जोन जूनियर हॉकी चैंपियनशीप में गुरुवार को एक बार फिर मध्यप्रदेश की बालिकाओं ने दम दिखाते हुए हॉकी राजस्थान को 11-1 से हराकर चैंपियशिप के दौड़ में सबसे आगे बनी हुई है।

बालक वर्ग में मध्यप्रदेश और राजस्थान के मध्य खेला गया मैच 3-3 गोल की बराबरी पर रहा। प्रतियोगिता के



पांचवे दिन बालक वर्ग में मध्यप्रदेश और राजस्थान ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। जिसमें मैच प्रारम्भ से ही दोनों की टीमें एक दूसरे पर गोल करने का अवसर खोजती रही और मैच के पहले क्वार्टर में दोंनो ही टीमें 1-1 गोल के बराबरी पर थी। दूसरे क्वार्टर में मध्यप्रदेश ने 2 और गोल करते हुए मध्यांतर पूर्व 3-1 गोल की बढ़त बना ली थी। लेकिन उत्तरार्ध के खेल में राजस्थान की टीम पूरा दम लगाकर खेली और मैच के 42वें व 58वें मिनट में मैदानी गोल करके मैच को 3-3 गोल की बराबरी पर ला खड़ा किया। मध्यप्रदेश की ओर से योगेश पुन्डे, प्रशांत राजपूत, और तुषार परमान ने और राजस्थान की ओर से दीपू चौधरी, राधेश्याम जाट और आशीष बैरागी ने गोल किया।

### हॉकी इंडिया को सर्वश्रेष्ठ आयोजक का पुरस्कार

नई दिल्ली। एशियाई हॉकी महासंघ ने हॉकी इंडिया को इस साल की शुरुआत में भुवनेश्वर और राउरकेला में एफआईएच पुरुष विश्व कप की सफल मेजबानी के लिए गुरुवार को सर्वश्रेष्ठ आयोजक के पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार कोरिया के मुंगयोंग में आयोजित एएचएफ कांग्रेस के दौरान हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने प्राप्त किया। भुवनेश्वर के कलिंग हॉकी स्टेडियम ने इससे पहले 2018 में भी एफआईएच विश्व कप की मेजबानी की थी लेकिन राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# विश्व कप : भारत ने मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता रजत और कांस्य

एजेंसी ▸▸ भोपाल

भारत ने गुरुवार को यहां आईएसएसएफ पिस्टल/राइफल विश्व कप में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। इससे भारत के टूर्नामेंट में पदकों की संख्या चार हो गई है जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हैं। भारत के लिए वरुण तोमर और रिदम सांगवान की एयर पिस्टल मिश्रित टीम जोड़ी ने दूसरा स्थान जबकि रूद्रांक्ष पाटिल और आर नर्मदा नितिन



ने एयर राइफल स्पर्धा में तीसरा स्थान प्राप्त किया। चीन ने टूर्नामेंट में दिन के दोनों स्वर्ण पदक जीते।

वरुण ने बुधवार को एयर पिस्टल में व्यक्तिगत कांस्य पदक भी जीता था। उन्होंने रिदम सांगवान के साथ मिलकर चीन की कियान वेई और लियू जिनयाओ की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्वर्ण पदक दौर में 11-17 से हार गई। रूद्रांक्ष और आर नर्मदा की जोड़ी घरेलू सरजमीं पर वही जादू नहीं दिखा सकी और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। कांस्य पदक के मैच में भारतीय जोड़ी ने चीन के झांग कियोंगुए और यु हाओनान को 16-8 से शिकस्त दी।

### भारतीय टीम में चोटिल खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय

# वर्कलोड के कारण आईपीएल से नहीं हटेंगे खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

- बुमराह से लेकर अय्यर तक राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी चोटिल

भारतीय टीम में चोटिल खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा को नहीं लगता कि कार्यभार प्रबंधन के तहत राष्ट्रीय टीम का कोई खिलाड़ी 31 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल मैचों से हटेगा। जसप्रीत बुमराह से लेकर श्रेयस अय्यर तक राष्ट्रीय टीम के चोटिल खिलाड़ियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है और रोहित ने कहा की अक्टूबर-नवंबर में स्वदेश में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप से पहले कार्यभार प्रबंधन की जिम्मेदारी आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों और स्वयं खिलाड़ियों पर होगी। रोहित ने पत्रकारों से कहा, 'यह चिंताजनक है।





हमें उन खिलाड़ियों की कमी खल रही है जिन्हें वास्तव में अंतिम एकादश में शामिल रहना था। वे सभी वयस्क हैं। इसलिए वे अपने शरीर का अच्छी तरह से ध्यान रख सकते हैं और अगर उन्हें लगता है कि क्रिकेट अधिक हो रही है तो वे इस बारे में बात कर सकते हैं और एक या दो मैचों से विश्राम ले सकते हैं। वैसे मुझे संदेह है कि ऐसा होगा।'

आईपीएल 28 मई को समाप्त होगा जिसके बाद भारतीय खिलाड़ियों को लंदन के ओवल में सात जून से शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलने के लिए केवल एक सप्ताह से अधिक का ही समय मिल पाएगा। रोहित ने कहा कि 50 ओवरों के विश्व कप को देखते हुए भारतीय टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों के कार्यभार प्रबंधन को लेकर आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों को संकेत दे दिए हैं।

### सूर्यकुमार का शून्य पर आउट होना चिंता का विषय नहीं

टी20 प्रारूप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार तीन मैचों में पहली गेंद पर आउट हो गए। लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने संकेत दिए कि टीम प्रबंधन एकदिवसीय श्रृंखला में उनकी असफलता पर बहुत अधिक गौर नहीं कर रहा है। रोहित ने कहा, 'सूर्यकुमार ने श्रृंखला में केवल तीन गेंदें खेली। मैं नहीं जानता कि आप इसको कितनी गंभीरता से ले रहे हो। उसने तीन अच्छी गेंदों का सामना किया। मुझे नहीं लगता कि वह बहुत अच्छी गेंद थी। उसने गलत शॉट का चयन किया था। उसे उस गेंद को आगे बढ़कर खेलना चाहिए था। वह इस बारे में बेहतर जानता है।'

# वाणी ने जीता हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर का सातवां चरण



एजेंसी ▸▸ गुरुग्राम

भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने गुरुवार को अंतिम दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेलकर हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के सातवें चरण की ट्राफी अपनी झोली में डालकर तीन साल का खिताबी सूखा खत्म किया।

वाणी को पिछला डब्लूपीजीटी खिताब जीते हुए तीन साल से ऊपर का समय हो गया है। उन्होंने अंतिम दौर के अंतिम होल में महत्वपूर्ण बर्डी की बदौलत दो अंडर 214 के कुल स्कोर से पहला स्थान हासिल किया। गौरिका (72) एक अंडर 215 के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं रिद्धिमा दिलावड़ी तीसरा स्थान हासिल करने में सफल रहीं जिनका कुल स्कोर एक ओवर 217 रहा। कल तक शीर्ष पर चल रही त्वेसा मलिक (77) चौथे जबकि एमेच्योर विधात्री उर्स (76) और अस्मिता सतीश (73) संयुक्त पांचवें स्थान पर रहीं।

## वीएएबी में सलाहकार पद पर नियुक्त हुईं श्रीलेखा



न्यूयॉर्क, (आईएएनएस)। वर्जीनिया के गवर्नर ग्लेन यंगकिन ने भारतीय-अमेरिकी स्वास्थ्य पेशेवर श्रीलेखा पल्ले को वर्जीनिया एशियाई सलाहकार बोर्ड (वीएएबी) में नियुक्त किया है। पल्ले गवर्नर को एशियन अमेरिकन एंड पैसिफिक आइलैंडर घटकों के सामने आने वाले मुद्दों पर सलाह और जानकारी देंगी, और समुदाय के हितों की वकालत करेंगी। वह गवर्नर को वाणिज्य, व्यापार, कला, शिक्षा और सामान्य सरकार के क्षेत्रों पर ध्यान देने के साथ राष्ट्रमंडल और एशियाई देशों के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को सुधारने के तरीकों पर भी सलाह देगी। यंगकिन ने एक बयान में कहा कि आज मैं श्रीलेखा पल्ले की नियुक्ति की घोषणा कर खुश हूं। मुझे विश्वस है कि उनकी मदद से हम वर्जीनिया की भावना को मजबूत करने और हमारे राष्ट्रमंडल के लिए महान चीजें हासिल करेंगे।

## अमेरिकी प्रशासन को संभाल रहे भारतीय

वाशिंगटन, (एजेंसी)। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी कि अमेरिका में भारतीय मूल के एक और अमेरिकी को बड़ा पद मिलने जा रहा है। दरअसल, राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय-अमेरिकी निशा देसाई बिस्वाल को अमेरिका अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त आयोग में शीर्ष प्रशासनिक पद के लिए नामित किया।

इसका एक मुख्य कारण है कि बिस्वाल पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा प्रशासन के कार्यकाल में दक्षिण तथा मध्य एशिया के लिए सहायक विदेश मंत्री के रूप में काम कर चुकी हैं। इसलिए अमेरिकी विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों में 30 साल से अधिक का अनुभव है। वैसे फिलहाल बिस्वाल अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स में अंतरराष्ट्रीय रणनीति और वैश्विक पहल की वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। बता दें कि अमेरिका में उच्च प्रशासनिक पद मिलने वाली बिस्वाल अकेली नहीं है। 20 जनवरी 2021 को अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन ने शपथ ग्रहण की। साथ ही भारतीय मूल की कमला हैरिस ने उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। इसी के साथ तब अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने अपने प्रशासन में अहम पदों पर 13 महिलाओं समेत 20 भारतीय-अमेरिकियों को तुरंत नामित किया था। कुछ महीनों बाद इनकी संख्या और बढ़ गई। मार्च 2022 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने प्रशासन में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोगों को जगह मिलने का जिक्र करते हुए कहा था कि भारतीय-अमेरिकी देश पर कब्जा कर रहे हैं।

### प्रमुख पदों पर मौजूद भारतीयों की सूची

- **नीरा टंडन:** इस सूची में सबसे ऊपर नीरा टंडन हैं। जिन्हें बाइडन प्रशासन ने व्हाइट हाउस कार्यालय के प्रबंधन एवं बजट के निदेशक के तौर पर चुना लेकिन राजनीतिक विरोध के चलते उन्होंने नॉमिनेशन वापस ले लिया था।
- **डॉ. विवेक मूर्ति:** मार्च 2021 में अमेरिकी सीनेट ने देश के 21वें सर्जन जनरल के तौर पर उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी थी।
- वनीता गुप्ता: विधि मंत्रालय की एसोसिएट अटॉर्नी जनरल हैं। न्याय मंत्रालय में तीसरे सबसे बड़े पद पर काबिज होने वाली वनीता पहली अश्वेत हैं।
- **उजरा जेया:** उजरा जेया वैसे तो विदेश सेवा की पूर्व अधिकारी रह चुकी हैं, लेकिन वह बाइडेन शासन में नागरिक सुरक्षा, लोकतंत्र एवं मानवाधिकार की अवर सचिव पद पर नियुक्त हैं।
- **माला अड्गा:** बाइडेन प्रशासन में प्रथम महिला डॉ. जिल बाइडन की नीति निदेशक के तौर पर नियुक्त हैं।
- **गरिमा वर्मा:** इन्हें प्रथम महिला डॉ. जिल बाइडन के कार्यालय की डिजिटल निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है।

## चीन ने बंगा के विश्व बैंक प्रमुख बनने पर डाला रोड़ा



वाशिंगटन, (एजेंसी)। जाने-माने भारतीय-अमेरिकी उद्यमी अजय बंगा को विश्व बैंक का अध्यक्ष बनाने के लिए समर्थन देने पर चीन ने संदेह जताया। उसने कहा है कि उसके लिए योग्यता के आधार पर अन्य संभावित उम्मीदवारों को समर्थन देने का विकल्प खुला है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 63 साल के बंगा को विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए नामित किया है। बंगा गुरुवार को चीन में पीपल्स बैंक ऑफ चाइना के अधिकारियों से मिलेंगे और अपनी उम्मीदवारी के लिए चीन से समर्थन मांगेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या चीन बंगा का समर्थन करेगा।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमने अमेरिका की तरफ से नामित उम्मीदवार पर गौर किया है लेकिन अन्य संभावित उम्मीदवारों के लिए भी हमारा विकल्प खुला है। विश्व बैंक दुनिया में सबसे प्रभावशाली बहुपक्षीय विकास संस्थान है और वैश्विक गरीबी में कमी और विकास के लिहाज से काफी महत्व रखता है।

### एयरपोर्ट से उड़ा ग्लाइडर, घर पर गिरा, दो घायल

**धनबाद, (एजेंसी)।** बिहार के धनबाद में बरवाअड्डा हवाई अड्डा के पास एक निजी घर पर ग्लाइडर क्रैश होने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों घायलों को शहर के एशियन जालान अस्पताल में भर्ती कराया गया। हवाई अड्डा से ग्लाइडर के उड़ान भरते ही उसमें कुछ तकनीकी दिक्कत आई और लगभग 500 मीटर की दूरी पर ग्लाइडर क्रैश हो गया। ग्लाइडर नीलेश कुमार नामक शख्स के घर पर जा गिरकर चकनाचूर हो गया। इस ग्लाइडर के क्रैश होने कि सूचना पर पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। लोगों ने ग्लाइडर मे फंसे लोगों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से एशियन जालान अस्पताल भेज दिया। धनबाद शहर के लोग हवाई सफर का आनंद ले सकें और अपने शहर का नजारा आसमान से देख सकें, इस उद्देश्य से ग्लाइडर सेवा शुरू की गई। इससे पहले भी दो बार लोगों को ग्लाइडर को जरिए इस तरह की हवाई सैर कराई जा चुकी है।

### सैन फ्रांसिस्को में तूफान से पांच लोगों की मौत

**सैन फ्रांसिस्को, (एजेंसी)।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को बे एरिया में तूफान से संबंधित घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि मंगलवार अपराह्न पेड़ गिरने से संबंधित अलग-अलग घटनाओं में सैन फ्रांसिस्को के दो निवासियों की मौत हो गई। खराब मौसम की वजह से सैन मेटियो काउंटी, वॉलनट क्रीक और ओकलैंड में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। सैन फ्रांसिस्को में गगनचुंबी इमारतों के आस-पास के क्षेत्रों को नियंत्रित करने के लिए अग्निशमन दल काम में जुटे हुए हैं, जहां ऊंची-ऊंची इमारतों की खिड़कियों से गिरा कांच और मलबा तेज हवाओं के कारण पूरे इलाके में फैल गया। बचाव दल के सदस्य पूरे सैन फ्रांसिस्को में गिरे हुए लगभग 700 पेड़ों को हटाने के लिए काम कर रहे हैं। पैसिफिक गैस एंड इलेक्ट्रिक कंपनी ने बताया कि बे एरिया के करीब 78,516 ग्राहकों को बिजली की आपूर्ति बाधित थी।

### ब्रिटेन: भारत विरोधी तत्वों ने पंजाबी भोजनालय तोड़ा




**लंदन, (एजेंसी)।** यूके में भारतीय प्रतिष्ठान पर एक और हमले में कथित खालिस्तानी तत्वों ने पश्चिम लंदन में स्थित हैमरस्मिथ में एक पंजाबी रेस्तरां को निशाना बनाया। रीच-यूके ने बुधवार देर रात ट्वीट किया, हम एटदरेट मेटपुलिसयूके से हैमरस्मिथ में एक पंजाबी रेस्तरां रंगरेज रेस्तरां पर हुए इस हमले का संज्ञान लेने का आग्रह करते हैं। अधिकांश सिख इस विचारधारा का पालन नहीं करते हैं और इसलिए उन्हें खालिस्तानी अलगाववादी द्वारा परेशान किया जाता है। यूके के अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करें। वीडियो में नकाबपोश लोगों के एक समूह को रेस्तरां की खिड़कियों पर पीटते और लोगों से बाहर आने और उनका सामना करने के लिए कहते हुए देखा जा सकता है।

### दिल्ली दंगों में पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन पर आरोप तय


**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली दंगों में आप के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन पर कड़कड़डूमा कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हैं। उसके साथ 10 अन्य आरोपियों पर भी हत्या के चार्ज लगा दिए गए हैं। आईबी अफसर अंकित शर्मा की हत्या को लेकर कोर्ट ने ये फैसला दिया है। कोर्ट ने ताहिर हुसैन की भूमिका को भी इस हत्या में अहम माना है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि ताहिर लगातार ऐसे काम कर रहा था जैसे वो पूरी भीड़ को उकसा रहा हो, उन पर नजर रख रहा हो। ये सब कुछ हिंदुओं को टारगेट करने के लिए किया गया। ताहिर और 10 अन्य आरोपियों पर कई चार्ज लगाए जाते हैं। हुसैन पर तो सेक्शन 505, 109 और आईपीसी की धारा 114 के तहत भी चार्च लगा है। कोर्ट ने कहा कि भीड़ में मौजूद सभी व्यक्ति ने हिंदुओं को निशाना बनाने का लक्ष्य से उसमें शामिल हुए। उस समय भीड़ हिंदुओं को मारने या फिर उनको हानि पहुंचाने के स्पष्ट उद्देश्य से काम कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि आरोपी और गवाहों के बयान और मौजूद प्रमाणों से सब सिद्ध होता है।

### तमिलनाडु से चोरी हनुमान मूर्ति ऑस्ट्रेलिया में मिली

**चेन्नई, (एजेंसी)।** तमिलनाडु के अरियालूर में एक मंदिर से 11 साल पहले चोरी हुई हनुमान की एक धातु की मूर्ति ऑस्टेलिया के एक प्राइवेट कलेक्टर के पास से बरामद की गई है। तमिलनाडु पुलिस की आइडल विंग सीआईडी ने गुरुवार को दी जानकारी में बताया कि मूर्ति भारत को सौंप दी गई थी। भगवान वरदराज पेरूमल और उनकी पत्नी श्रीदेवी व बूदेवी तथा हनुमान की चार मूर्तियां 2012 में अरियालूर जिले के सेंधुरई के निकट वेलूर गांव में भगवान वरदराज पेरूमल मंदिर से चोरी कर ली गईं थीं। डीजीपी के आदेश पर मामला वर्ष 2020 मे सीआईडी की आइडल विंग को सौंप दिया गया था। इसके बाद आइडल विंग सीआईडी ने जांच अपने हाथ में लेने के बाद विदेशों में संग्रहालयों और कला दीर्घाओं की वेबसाइटों पर दर्शाई गई विभिन्न मूर्तियों की पड़ताल की।

### वार्षिक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास-2023 कोंकण तट पर आयोजित

## भारत और ब्रिटेन की रॉयल नेवी के संयुक्त अभ्यास में त्रिशूल शामिल





कोंकण, (एजेंसी)। भारतीय नौसेना समुद्र में अपनी ताकत दिन ब दिन बढ़ा रही है। इसी क्रम में भारतीय नौसेना और यूके की रॉयल नेवी के बीच वार्षिक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास कोंकण 2023 संपन्न हुआ। दोनों देशों की नौसेनाओं का यह संयुक्त युद्धाभ्यास अरब सागर में कोंकण तट पर 20 से 22 मार्च 23 तक आयोजित किया गया था।

अधिकारियों ने इसके बारे में जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, इसमें निर्देशित मिसाइल युद्धपोत आईएनएस त्रिशूल और टाइप 23 निर्देशित मिसाइल युद्धपोत एचएमएस लैंकेस्टर ने भी हिस्सा लिया। इतना ही नहीं दोनों देशों की अंतर-परिचालनीयता बढ़ाने व सर्वश्रेष्ठ अभ्यासों को अपनाने के लिए कई समुद्री अभ्यास किए।

कोंकण 2023 में समुद्र, वायु, जमीन और जमीन और सतह में युद्धाभ्यास किया गया। युद्धाभ्यास में सतह पर हवा भरने योग्य लक्ष्य किलर टोमैटो पर गनरी शूट, हेलीकॉप्टर संचालन, हवा-रोधी और पनडुब्बी-रोधी युद्ध अभ्यास, विजिट बोर्ड सर्च एंड सीजर, जहाज युद्धाभ्यास और कर्मियों का आदान-प्रदान शामिल था। इस अभ्यास से दोनों नौसेनाओं के कर्मियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण हासिल हुआ। इस दौरान उच्च स्तर की पेशेवरता और उत्साह भी दिखा। समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने और क्षेत्र में नियम आधारित व्यवस्थामें ऑपरेशन-तत्परता, अंतर-परिचालनीयता को बढ़ाने और संयुक्त परिचालन सुधार करने वाले कर्मियों पर ध्यान से नौसेनाओं के प्रयासों को बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

## पुतिन ने शी को दी रक्तरंजित विदाई सलामी, यूक्रेन में रातभर मिसाइलों और ड्रोन से प्रहार



नई दिल्ली, (एजेंसी)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मित्र और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग बुधवार को मास्को से बीजिंग रवाना हो गए। उनकी सलामी विदाई में रूस ने बुधवार को रातभर यूक्रेन पर मिसाइलें दागीं और ड्रोन से हमले किए। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूसी मिसाइलों ने रातभर यूक्रेन के दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया के आवासीय परिसरों पर हमले किए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यूक्रेन के दमकलकर्मियों ने दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया में दो निकटवर्ती आवासीय भवनों में लगी आग पर काबू पा लिया है, जहां डबल मिसाइल हमले किए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि इस दोहरे मिसाइल हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि 33 लोग घायल हो गए हैं। रूसी सैनिकों ने एक अपार्टमेंट ब्लॉक को मिसाइलों से उड़ा दिया था।

### पुतिन का डबल रोल रूसी मीडिया में तस्वीरें

**मास्को, (एजेंसी)।** रूसी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि व्लादिमिर पुतिन अपनी यात्राओं के लिए कई डुप्लीकेट का इस्तेमाल कर लोगों को ठग रहे हैं। अटकलें हैं कि राष्ट्रपति की हाल की मारियुपोल यात्रा में पुतिन के कार्बन कॉपी (हमशक्ल) का इस्तेमाल किया गया था। सवाल है रूस पर शासन कौन कर रहा है? फुटेज को बनाने का मकसद उन रूसियों तक पहुंचना है जो खबरों के लिए सरकारी मीडिया पर भरोसा करते हैं।

## वाराणसी को आज विकास का तोहफा देंगे पीएम मोदी

वाराणसी,, (एजेंसी)। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर आ रहे पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को 28 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि श्री मोदी जन सुविधा से जुडी 28 विकास की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें जलकल विभाग की महत्वाकांक्षी सौर ऊर्जा परियोजना भी शामिल है। दो मेगावाट प्रतिदिन बिजली उत्पादन क्षमता वाली इस परियोजना से जलकल विभाग का बिजली बिल 30 प्रतिशत कम होगा। पीएम रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में वन वर्ल्ड टीबी समिट को संबोधित करेंगे।

## पंजाब विधानसभा में उठा विधायकों की कम सैलरी की मुद्दा

चंडीगढ़, (एजेंसी)। पंजाब विधानसभा में विधायकों की सैलरी को लेकर चर्चा हुई। शिरोमणि दल के एक विधायक का कहना है कि मिलने वाला वेतन बहुत कम है। उन्होंने दावा किया कि इससे रोज के खर्च नहीं चल पाते हैं। सीएम भगवंत मान ने मामले को स्पीकर के सामने उठाया है और विचार के लिए समिति गठित करने की मांग की है। शिअद विधायक सुखविंदर कुमार सुखी वेतन को बेहद कम बता रहे हैं। पंजाब विधानसभा में चीफ व्हिप की सैलरी पर चर्चा के दौरान उन्होंने इस मुद्दे को उठाया। प्रतिमाह 84 हजार रुपए का वेतन और ड्राइवर और निजी सहयोगियों के लिए मिलने वाले 10 हजार रोज के खर्चों के लिए काफी नहीं हैं।

## जेल में बंद सिद्धू की पत्नी को कैंसर, लिखा भगवान की मर्जी

चंडीगढ़, (एजेंसी)। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी को स्टेज 2 कैंसर का पता चला है। पंजाब की पूर्व मंत्री नवजोत कौर सिद्धू ने अपनी इस बीमारी के पता चलने के बाद जानकारी को ट्वीट किया। नवजोत सिंह सिद्धू इस समय पंजाब की पटियाला जेल में बंद हैं। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद से रोडरेज मामले में वो एक साल की सजा काट रहे हैं। नवजोत कौर ने ट्वीट कर लिखा कि उन्हें स्टेज-2 कैंसर हैं और इसके लिए वो किसी को दोष नहीं दे सकतीं, क्योंकि ये भगवान की मर्जी है।

## पीएम मोदी पढ़े-लिखे होते तो नहीं होती नोटबंदी: केजरीवाल



नई दिल्ली, (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव को लेकर दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने जंतर-मंतर से मोदी हटाओ, देश बचाओ कैंपेन लॉन्च किया। इस दौरान केजरीवाल ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि अगर आप पढ़े लिखे नहीं हो तो कोई भी आपको बेवकूफ बना सकता है।

सीएम केजरीवाल ने कहा कि जब नोटबंदी हुई तो देशभर में अफरा-तफरी मची थी। देश 10 साल पीछे चला गया। केजरीवाल ने सवाल किया कि नोटबंदी क्यों हुई? दरअसल, कुछ लोगों ने प्रधानमंत्री को बेवकूफ बनाया कि नोटबंदी से भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा। क्या भ्रष्टाचार खत्म हो गया? प्रधानमंत्री खुद कह चुके हैं कि उन्होंने पढ़ाई नहीं की। देश में पढ़े-लिखे पीएम होते तो नोटबंदी नहीं होती। सीएम ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री को आप से ईमानदारी सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गुजरात में सबसे ज्यादा शराब घोटाला होता है। अरविन्द केजरीवाल ने मंच से भारत माता की जय के नारे भी लगवाए।

## नीम करौली बाबा को खुली चुनौती

कानपुर, (ब्यूरो)। तंत्र-मंत्र से बीमारियों के इलाज का दावा कर भोले-भाले लोगों से ठगी करने वाले कानपुर के संतोष सिंह भदौरिया उर्फ करौली बाबा को कानपुर के ही युवा वकील अनिरुद्ध जायसवाल ने खुला चैलेंज दिया है। कानपुर के जूही इलाके में रहने वाले अनिरुद्ध जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर चुनौती दी है कि यदि स्वयंभू करौली बाबा अपने कथित चमत्कार से उनके बच्चों की बीमारी को ठीक कर दें, तो वह अपनी समस्त संपत्ति उसे दान कर देंगे। गुरुवार को दो दिन बाद भी उनकी चुनौती पर करौली बाबा की ओर से कोई जवाब नहीं आया है।

## मन की बात का उर्दू संकलन मदरसों में बांटेगी भाजपा



लखनऊ, (एजेंसी)। उप्र में पीएम मोदी के मन की बात को मदरसों में बांटा जाएगा। लोकसभा के आगामी चुनाव के मद्देनजर मुसलमानों के बीच व्यापक पैठ बनाने की जुगत में भाजपा अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात में किए गए संबोधनों के संकलन को उर्दू किताब की शक्ल देकर उसे उत्तर प्रदेश के मदरसों, उलमा और अन्य इस्लामी विद्वानों के बीच तोहफे के तौर पर बांटने की तैयारी कर रही है।

उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम मन की बात की वर्ष 2022 की 12 कड़ियों का संकलन कर उनका उर्दू में अनुवाद कराया है।

इस किताब में दारुल उलूम देवबंद और नदवतुल उलमा जैसे विश्वविख्यात इस्लामी शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों के शुभकामना संदेश भी शामिल करने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि अभी यह किताब तैयार की जा रही है। उर्दू में अनुवाद किया जा चुका है और उम्मीद है कि रमजान के दौरान इस किताब को तैयार कर छपवा दिया जाएगा।

### आज का इतिहास

- 1837: कनाडा में अश्वेत नागरिकों को वोट डालने का अधिकार दिया गया।
- 1855: कलकत्ता (अब कोलकाता) से दिल्ली के बीच पहली बार टेलीग्राफ से लंबी दूरी संदेश प्रेषित किया गया।
- 1878: ब्रिटेन के युद्धपोत यूरीडाइस के पलटने से 300 लोग लापता हो गए।
- 1883: न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच पहली बार फोन से बातचीत हुई।
- 1932: अमेरिका में पहली बार चलती ट्रेन से रेडियो का प्रसारण किया गया।
- 1977: मोरारजी देसाई भारत के चौथे प्रधानमंत्री बने, उन्होंने केंद्र में पहली बार गैर-कांग्रेसी सरकार बनाई।
- 1997: ऑस्ट्रेलियाई संसद ने दुनिया के पहले और केवल इच्छामृत्यु के कानून को पलटा।
- 2013: पाक के उत्तरी वजीरिस्तान में एक सैन्य चौकी पर हुए आत्मघाती हमले में 17 सैनिक मारे गए।
- 2020: भारत में कोरोना महामारी के प्रसार पर रोक लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 दिन के लॉकडाउन की घोषणा की।

न्याय व्यवस्था

### बेवजह हिरासत में भेजने वाले मजिस्ट्रेट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## न्यायिक अकादमी में भेजकर बढ़ाएं कौशल

### जस्टिस्ट संजय किशन कौल, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और अरविंद कुमार की बेंच ने दी व्यवस्था

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जो न्यायिक दंडाधिकारी या न्यायिक मजिस्ट्रेट बेवजह लोगों को हिरासत में भेजते हैं, उन्हें कौशल बढ़ाने के लिए न्यायिक अकादमियों में भेजना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस्ट संजय किशन कौल, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने यह व्यवस्था दी है। अदालत ने कहा है कि ऐसे मैजिस्ट्रेट से न्यायिक कार्य वापस ले लिया जाना चाहिए और ट्रेनिंग के लिए न्यायिक अकादमियों में भेजा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के जजों ने खासकर उत्तर प्रदेश में इस तरह के मामलों का मुद्दा भी उठाया है।सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच ने कहा है कि एक तो ऐसे लोगों को हिरासत में भेजा जा रहा है, जिसकी आवश्यकता नहीं है और फिर आगे की मुकदमेबाजी का अवसर पैदा कर दिया जाता है। अदालत ने कहा है कि यह ऐसी बात है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और हमारा मानना है कि यह हाईकोर्ट की ड्यूटी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनकी निगरानी में निचली अदालतें इस देश के कानून का पालन करें। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस्ट संजय किशन कौल, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने कहा है कि अगर कुछ मजिस्ट्रेट द्वारा ऐसे आदेश पारित किए जाते हैं तो यह जरूरी पड़ने पर न्यायिक कार्य वापस भी लिया जा सकता है और ऐसे मजिस्ट्रेट को न्यायिक अकादमियों में भेजना चाहिए ताकि वे वहां पर कुछ समय के लिए अपने कौशल को अपग्रेड करें।



#### इलाहाबाद हाईकोर्ट को खबर

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ऐसे आदेश सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश राज्य में पास किए गए हैं और कहा है कि इसके बारे में इलाहाबाद हाई कोर्ट के कार्यकारी चीफ जस्टिस को जानकारी दी जाए। कोर्ट ने कहा है कि ऐसे आदेश बड़ी संख्या उत्तर प्रदेश से होते हैं और हमें जानकारी दी जाती है कि खासकर हाथरस, गाजियाबाद और लखनऊ की अदालतों से पारित आदेश इस कानून की अनदेखी करते नजर आते हैं। बेंच ने कहा कि हम इलाहाबाद हाई कोर्ट के वकील को बुलाते हैं, ताकि माननीय ऐक्टिंग चीफ जस्टिस को जानकारी दी जा सके, जिससे वह आवश्यक निर्दश जारी कर सकें, जिससे ऐसी घटनाएं न हों.......।

सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणियां सतेंदर कुमार अंतिल बनाम केंद्रीय जांच ब्यूरो और अन्य के मामले में सुनवाई के दौरान की है। अदालत इसी मामले में जुलाई 2022 के अपने फैसले की तामील से संबंधित मामले की सुनवाई पर यह बातें कही हैं। अदालत ने अन्य बातों के अलावा गिरफ्तारी और ट्रायल के दौरान सीआरपीसी के प्रावाधनों को लागू करने पर जोर दिया था। अदालत ने उस फैसले में यह भी कहा था कि अदालतें जमानत याचिकाओं पर दो हफ्ते के भीतर फैसला करें, सिर्फ उन मामलों को छोड़कर जिसमें कानून के अलग प्रावधान हैं। अदालत ने फैसला दिया था कि सीआरपीसी की धारा 41 और 41ए की पूरी तरह से लागू किया जाना चाहिए।

## संसद में हंगामा, अनुदान प्रस्ताव लोकसभा से पारित

### पीएम मोदी ने स्पीकर से की मुलाकात

नई दिल्ली, (एजेंसी)। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग हंगामे की भेंट चढ़ रहा है। एक तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान को लेकर सत्ता पक्ष उनकी माफी पर अड़ा हुआ है तो वहीं पूरा विपक्ष अडानी ग्रुप के मुद्दे को लेकर जेपीसी गठन की मांग से कम पर राजी नहीं है।

सात दिन की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ चुकी है। फिलहाल संसद के दोनों सदन आज 24 मार्च सुबह तक के लिए स्थगित कर दिए गए। सदन स्थगित होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी और कुछ वरिष्ठ मंत्री लोकसभा अध्यक्ष से उनके कमरे में जाकर मिले। सूत्रों के मुताबिक यह शिष्टाचार मुलाकात थी। इससे पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गतिरोध दूर करने के लिए सभी दलों के फ्लोर लीडर्स के साथ बैठक भी की थी।

इस दौरान लोकसभा में सभी मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर वोटिंग हुई. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में रहे और विपक्षी सांसद जेपीसी की मांग को लेकर हंगामा करते रहे और मोदी-अडानी भाई-भाई के नारे लगे। अनुदान मांगों को पारित करने के बाद लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार तक स्थगित की गई। अब वित्त विधेयक पारित होगा। कांग्रेस समेत कई विपक्षी नेताओं ने अदाणी समूह से जुड़े मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग कर संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया।

# श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा में शामिल होंगे नेता अभिनेता मनोज तिवारी

## बजरंग दल, युवाओं की जन जागरण मोटर साइकिल यात्रा 27 को, दुगार्वाहिनी की महिलाएं 28 को स्कूटी से करेंगी नगर भ्रमण

प्रखर मिजार्पुर। अखिल ब्रह्मांड के नायक करोड़ो करोड़ हिंदुओं की आस्था और विश्वास के केंद्र मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामजी का प्राकट्य उत्सव चैत्र शुक्ल नवमी तिथि को मनाया जायेगा। इसके पूर्व नगर के 38 वार्डों में 70 बैठके की गई है। शोभायात्रा को भव्य और दिव्य बनाने के लिए गठित विभिन्न टीमें अपने दायित्व का निर्वहन करने में लगी है। प्रदेश के सबसे बड़ा शोभायात्रा इस बार भगवान श्री राम के भक्तों की सक्रियता से और भव्य होगा ।युक्त जानकारी भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं संस्थापक मनोज श्रीवास्तव ने नगर के बरियाघाट स्थित द सिटी लान में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। बताया कि शोभा यात्रा में दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष सांसद मनोज तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कहा कि देश और दुनिया में निवास करने वाला हिंदू समाज आदि अनादि काल से भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाता आ रहा है ।




उसी कड़ी में जिले में भी सनातन संस्कृति में विश्वास रखने वाले हिंदू समाज प्रभु श्री राम जी के प्राकट्य दिवस को विगत अनेक वर्षों से बड़े ही धूम धाम से मनाते हैं ।बताया कि इस वर्ष चैत्र शुक्ल नवमी तिथि आगामी 30 मार्च को है। श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रभु श्रीराम के प्राक्टय दिवस पर परंपरागत संगमोहाल से श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा निकलेगी। उसकी तैयारी में कार्यकर्ता प्राण प्राण से जुट गए है। नगर के विभिन्न स्थानों पर बैठक कर सुरक्षा प्रमुख, सज्जा प्रमुख, व्यवस्था प्रमुख, मोटरसाइकिल जन जागरण के लिए वाहन प्रमुख अभियान में लगे है। 30 मार्च के पूर्व 27 मार्च को दोपहर 2 बजे रेलवे स्टेशन से जन जागरण के लिए मोटरसाइकिल यात्रा निकलेगी। 28 मार्च को दुगार्वाहिनी की महिलाओं का स्कूटी जन जागरण यात्रा उसी रेलवे स्टेशन से दोपहर 2 बजे निकाली जाएगी । यात्रा के दौरान सैकड़ों स्वागत द्वार, पेयजल, शर्बत एवं फलाहार का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक रवि शंकर साहू ने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है । इस बार की शोभायात्रा ऐतिहासिक होगी। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रुप से विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष रामचंद्र शुक्ल, सर्व व्यवस्था प्रमुख महेश तिवारी, संरक्षक नन्हे तिवारी, आमोद चौधरी, शोभायात्रा समिति अध्यक्ष अनिल बरनवाल, मंत्री विनय मिश्रा अंकज, कोषाध्यक्ष राज माहेश्वरी,बजरंग दल संयोजक प्रवीण मौर्य, कार्यक्रम संयोजक रविशंकर साहू, कार्यक्रम प्रभारी मनोज दमकल, कार्यक्रम सह संयोजक शिवांशु सिंह, मोटरसाइकिल यात्रा प्रभारी प्रांजल सिंह ऋषि, सुरक्षा प्रमुख गोपाल केसरवानी, सह सुरक्षा प्रमुख पवन उमर, महिला प्रमुख संतोषी निषाद, महिला प्रभारी शिखा अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष देवेश चौरसिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## चैत्र नवरात्र मेला 2023 को सकुशल सम्पन्न कराएं जाने हेतु की गयी समीक्षा बैठक

प्रखर मिजार्पुर। अपर जिलाधिकारी (कानून व्यवस्था) एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में चैत्र नवरात्र मेला 2023 को सकुशल एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न करायें जाने के दृष्टिगत विन्ध्याचल स्थित प्रशासनिक भवन में अभी तक की सूरक्षा एवं व्यवस्था प्रबन्धन के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित अधिकारीगण एवं विभागाध्यक्षगण के साथ गोष्ठी कर समीक्षा की गयी । चैत्र नवरात्र मेला के दूसरे दिन तक लाखों की संख्या में दर्शनार्थियों द्वारा निर्बाध एवं सुगम दर्शन किया जा चुका है । दर्शनार्थियों की भारी संख्या को देखते हुए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में जगह-जगह रूके हुए श्रद्धालुओं के लिये रात्रिकाल में प्रकाश का तथा दिन में जल की और व्यवस्था करने तथा इसी प्रकार से लगातार सेवाभाव से सुगम, शान्तिपूर्ण, सूरक्षित एवं निर्बाध दर्शन की व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया गया । इस दौरान सभी जोन एवं सेक्टर के प्रभारी पुलिस/प्रशासनिक अधिकारी, सम्बन्धित विभागो के विभागाध्यक्ष एवं मेला प्रभारी, प्रभारी निरीक्षक विन्ध्याचल सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आईजीएल के बिजनेस हेड ने संस्कार भारती गोरक्ष प्रांत को नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर तीन दिवसीय सांस्कृतिक महाकुंभ के आयोजन हेतु बधाई दिया

प्रखर गोरखपुर। गिडा स्थित इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती गोरक्ष प्रांत द्वारा चैत्र शुक्ल एवं नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर तीन दिवसीय सांस्कृतिक महाकुंभ के आयोजन में पैतीस हजार रुपए का सहयोग दिया और कहा संस्कार भारती द्वारा भारत की संस्कृति को सदैव जीवंत रखने का प्रयास किया जाता है , और इससे हमारा देश , प्रदेश और सुदृढ़ होकर आगे बढ़ेगा। गोरक्ष प्रांत के महामंत्री डॉ मंगलेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक अनूप अग्रवाल, प्रेम नाथ व सुधा मोदी द्वारा वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा से सहयोग के सबंध में बात हुयी थी ,




इसके पश्चात कंपनी द्वारा तत्काल सहयोग राशि मुहैया करा दिया गया। व्यापार प्रमुख एस के शुक्ल को इस कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति के रूप में आमंत्रित किया गया था लेकिन व्यापार की व्यस्तताओं के कारण इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए , लेकिन उनके प्रतिनिधि के तौर पर डॉ सुनील कुमार मिश्रा उपस्थित रहे , डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने कहा की आज शिक्षा के साथ संस्कार बहुत जरुरी है और इसके साथ ही सनातन धर्म की परम्पराओं को भी जीवंत रखने की आवश्यकता है। सांस्कृतिक महाकुंभ में स्थानीय कलाकारों के अलावा देश के विभिन्न राज्यों के लोक कलाकार उपस्थित रहे।

## विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर सीएमओ सभागार में कार्यशाला का आयोजन

लखीमपुर खीरी। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर सीएमओ ऑफिस सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें "हां हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं" की थीम पर वाराणसी में मनाए जा रहे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सभी को संबोधित किया गया इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और कार्यक्रम की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ रिशिका ईथिओ सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस पूरे प्रसारण को सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता के साथ ही टीबी अस्पताल में तैनात समस्त कर्मचारियों और जीएनएम और एएनएम की छात्र-छात्राओं द्वारा देखा सुना और समझा गया। लाइव प्रसारण के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा जो संकल्प लिया गया है उसके तहत उत्तर प्रदेश में लगातार कार्य किया जा रहा है। निश्चय पोषण योजना के तहत मरीजों को 500 रुपए प्रति माह दिया जा रहा है इसी के साथ पोषण किट भी उपलब्ध कराई जा रही है। मरीजों को और बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डन कार्ड का भी लाभ टीबी मरीजों को दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 6 वर्षो के अंदर सभी केंद्र द्वारा संचालित कार्यक्रमों को 70% अमल में लाया गया है। यूपी में 96% सफलता प्राप्त हुई है आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत करोड़ों लोगों को सेवाएं दी जा रही हैं। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाइव प्रसारण के माध्यम से अपने संबोधन में कहा गया कि विश्व टीबी दिवस पर इस कार्यक्रम का उद्देश्य 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने की ओर एक और सशक्त कदम है। उन्होंने काशी में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि काशी इस बात की गवाही देती है कि चुनौतियां चाहे कितनी भी बड़ी हों लेकिन रास्ता निकलता है। टीबी मुक्त भारत के संकल्प में काशी एक नई ऊर्जा दे रही है। एक देश के तौर पर भारत की विचारधारा का प्रतिबिंब वसुधैव कुटुंबकम की भावना से झलकता है जी 20 देशों में भारत की अध्यक्षता वन वर्ल्ड वन फैमिली वन फ्यूचर के नाम पर है और पूरा विश्व वन वर्ल्ड टीबी समिट के जरिए इन संकल्पों को पूरा कर रहा है टीबी के लिए भारत में अनेक मोर्चों पर काम किया है जनभागीदारी पोषण इलाज इसकी उपलब्धता है।

## तान्या किन्नर पर जानलेवा हतला, तीन हमलावर गिरफ्तार

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के धधसरा चौकी अंतर्गत क्षेत्र बंटवारे को लेकर किन्नरों ने तान्या किन्नर पुत्री ओमप्रकाश किन्नर निवासी भीमापार थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर को बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा जान से मारने की नियत से गोली मार कर घायल कर दिया गया था घटना में संलिप्त एक अभियुक्त को सहजनवा पुलिस ने अगले दिन ही गिरफ्तार कर लिया था उसके बाद भी किन्नरों ने सहजनवा थाने पर गिरफ्तारी को लेकर रोड जाम कर आम जनमानस को परेशान करने का कार्य किया था वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने पुलिस लाइन व्हाइट हाउस सभागार में प्रेस वार्ता कर बताया कि तानिया किन्नर के ऊपर जानलेवा हमला करने वाले किन्नरों के सहयोगियों रणविजय यादव पुत्र राम प्यारे यादव निवासी सुरदही थाना सहजनवा गोरखपुर दुर्गेश मद्धेशिया पुत्र स्वर्गीय हरकेश गुप्ता निवासी केशवपुर थाना सहजनवा गोरखपुर रवि यादव पुत्र जगनरायण यादव निवासी बडी सुरौली थाना कोतवाली खलीलाबाद संत कबीर नगर को गिरफ्तार किया इससे पूर्व एक अज्ञात अभियुक्त को गिरफ्तार करने के बाद ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण रामकरन भारती उर्फ प्रिया किन्नर तथा तान्या किन्नर के बीच क्षेत्र बंटवारे को लेकर 6 माह पूर्व काफी विवाद हुआ था उस विवाद में तान्या किन्नर, प्रिया किन्नर का कुछ क्षेत्र अपने हिस्से में ले लिया था इसी बात से प्रिया किन्नर, तान्या किन्नर से नाराज थी ।तब तान्या किन्नर को रास्ते से हटाने के लिए प्रिया किन्नर ने अपने गुरु किरन किन्नर से अनुमति लेकर, अपने पुरुष मित्र (कथित पति) रणविजय यादव और तान्या किन्नर के पूर्व ड्राइवर दुर्गेश मद्धेशिया (जिसे फरवरी माह से तान्या ने अपनी ड्राइवरी से निकाल दिया था) तथा दुर्गेश मद्धेशिया के पुराने मित्र रवि यादव पुत्र जगनारायण यादव जो दुर्गेश से ट्रेन में चना बेचते समय करीब 06 वर्ष पहले मिला था व अतुल दूबे (रणविजय का मित्र), संगम, सोनू मिलकर घटना को अन्जाम दिये । घटना के वक्त दुर्गेश मद्धेशिया मोटर साइकिल पल्सर चला रहा था तथा रणविजय यादव पल्सर पर पीछे बैठा था ।रणविजय ने




ही तान्या किन्नर को जान से मारने के इरादे से पीछे से गोली मार दिया था तथा HF डीलक्स मोटर साइकिल पर अतुल दूबे तथा संगम नामक युवक सवार थे व सुपर स्पलेन्डर मोटर साइकिल पर सोनू व रवि यादव सवार थे जो घटना के समय शामिल थे। अबे इन किन्नरों की गिरफ्तारी से क्षेत्र बंटवारे को लेकर हुए विवाद शांत होने की प्रबल संभावना है। प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी सीओ कैंपियरगंज रत्नेश्वर सिंह रहे मौजूद।

## आन बान शान के साथ मनाया गया सरदार भगत सिंह का शहादत दिवस

प्रखर आजमगढ़। जिला के रौनापार थाना क्षेत्र के हैदराबाद गांव में पंकज गौतम के मकान पर 23 मार्च को पूरे आन बान शान के साथ सरदार भगत सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम साहित्यकार पत्रकार संजय कुमार पांडे ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया श्री पांडे ने आयोजक वरिष्ठ पत्रकार नर्वदेश्वर मिश्रा पूरी टीम को बधाई दिया और कहा बाढ़ पीड़ित संस्थान द्वारा शहीदे आजम भगत सिंह की शहादत दिवस के अवसर पर ऐसे कराए जाने के लिए बधाई दिया। वहीं वरिष्ठ साहित्यकार सब के दावेदार के प्रधान संपादक पंकज गौतम ने कहा आज हम ऐसे महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगत सिंह को नमन करते हैं जिन्होंने देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे को चूम लिया आज उनके विचारों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है इस मौके पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था जिसमें जिले के कोने-कोने से कवियों ने आकर कविता पाठ पढ़ा और श्रोताओं को खूब लुभाया। सर्वप्रथम आइडियल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय



महासचिव लेखक पत्रकार साहित्यकार तथा कवि संजय पांडे ने अपने कविताओं से लोगों को भावविभोर कर दिया इसी कड़ी में पंकज गौतम, अक्षय वर्मा, दलसिंआर यादव,सुभाष विश्वकर्मा ,बालेदीन बेसहारा, अभिराज भारती, राहुल उर्फ झब्बर, विमल शंकर विमल आदि कवियों ने अपनी कविता प्रस्तुत किया। कवि सम्मेलन का संचालन सत्यम प्रजापति आजमगढ़ और अध्यक्षता गंगा यादव बेनकाब ने किया कार्यक्रम के आयोजक हैदराबाद निवासी वयोवृद्ध पत्रकार नर्वदेश्वर मिश्र ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया इसी कड़ी में न्यूज ९ भारत की टीम विनीता कुमारी रुचि और संध्या कुमारी कवि सम्मेलन को पुरी लगन के साथ कवर किया।

## परफॉर्मेंस ग्रांट ग्राम पंचायतों का सीडीओ ने की समीक्षा

प्रखर गोरखपुर। विकास भवन सभागार में परफॉर्मेंस ग्रांट के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे कार्य के निकलने वाले टेंडरों में कार्यों को और निविदाओं की पूर्ण जानकारी देते हुए निविदाएं आमंत्रित करें और उसके बाद कार्यों को संपादित करें उसके बाद भी किसी के द्वारा हीला हवाली की जाती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें विकास भवन सभागार में सीडीओ संजय कुमार मीना ने बैठक करते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने अपने क्षेत्रों का कार्य संपादित करें जिससे विकास कार्यों को गति मिल सके।।बैठक में सीडीओ ने परफॉर्मेंस ग्रांट योजना के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों, सचिवों व तकनीकी सहायकों से बिंदुवार जानकारी ली। सीडीओ संजय मीना ने परफॉर्मेंस ग्रांट योजना के संदर्भ में



निर्देश देते हुए कहा कि स्वीकृत करायें गए कार्य को तकनीकी अधिकारियों को मौके पर जाकर कार्यों को सत्यापित करने और सत्यापन के बाद ही आगे कार्य कराने का निर्देश दे।नोडल अधिकारियों द्वारा संबंधित गांवों का नियमित निरीक्षण करे नियमित निरीक्षण का निर्देश दिया, ताकि कार्यों को नियमानुसार सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि ऑफलाइन टेंडर नियमानुसार हों और अधिक से अधिक प्रतियोगियों को टेंडर के लिए आमंत्रित किया जाए। उन्होंने टेंडर खुलने के तुरंत बाद से कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। ठेकेदारों द्वारा कार्यों को लेकर लापरवाही की शिकायत मिलने पर ऐसे ठेकेदारों को नोटिस जारी कर, ब्लैकलिस्ट करने की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि वर्क ऑर्डर में कार्यों में विलंब की दशा में दंडात्मक कटौती का प्रावधान शामिल किया जाए।बैठक में सीडीओ ने कहा कि यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। इसलिये योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ कराना सुनिश्चित करें। बैठक में डीपीआरओ शाश्वत आनंद सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी नोडल, सचिव मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग ने लगाया कैंप, 23 उपभोक्ताओं का मौके पर निस्तारण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विद्युत वितरण खंड चतुर्थ जमानिया के अंतर्गत सब डिविजन दिलदारनगर के ग्राम बारा में अधिशाषी अभियंता हेमंत सिंह के निर्देश पर सहायक अभियंता कमलेश प्रजापति एवम अवर अभियंता रामप्रवेश चौहान के नेतृत्व में विद्युत उपभोक्ता कैंप का आयोजन किया गया। वही अवर अभियंता रामप्रवेश चौहान ने बताया की कैंप में कुल 32 उपभोक्ता आए



जिनमें 23 लोगो का मौके पर बिल संशोधन किया गया वही 5 उपभोक्ताओं का भार में वृद्धि किया गया व 4 लोगो को नया विद्युत संयोजक दिया गया। कुल 1 लाख 82 हजार राजस्व वसूल की गई। तथा कैंप के दौरान बारा गांव में बकायेदारों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे कुल 23 उपभोक्ताओं का बकाये बिल पर विद्युत विच्छेदन किया गया और ऐसे लोगो को सख्त हिदायत दी गई की अगर बिना बकाया बिल भुगतान किए बगैर अगर पोल से केबल जोड़ी पाई गई तो पुनः चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर धारा 138 बी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। कैंप में मुख्य रूप से सब स्टेशन ऑपरेटर कैलाश यादव, कार्यालय सहायक मुकेश कुमार, सुपरवाइजर विनय तिवारी, ऑपरेटर रामबिलाश यादव, संविदाकर्मी सेराज खान, गुड्डू, साहेब बिन्द मीटर रीडर सुजीत उपाध्याय,धनजी राजभर सहित समस्त विद्युत कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अर्ध विक्षिप्त व्यक्ति का पोखरी में मिला शव, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम के लिए



प्रखर गंभीरपुर/आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर रजमो सिधारीगंज स्थित रानी सागर पोखरा में शुक्रवार की दोपहर लगभग 1:00 बजे ग्रामीणों ने एक शव देखा। सब की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने जब सब को बाहर निकलवाया तो शव के बाएं हाथ पर सोनू और मोबाइल नंबर लिखा था तथा दाहिने हाथ पर पतनहा जौनपुर लिखा था। हाथ पर लिखे मोबाइल नंबर परबात करने पर उसकी पहचान सोनू यादव 35 वर्ष पुत्र बुझारत यादव निवासी पतनहा थाना सराय ख्वाजा जनपद जौनपुर के रूप में हुई। मृतक सोनू के पिता के मुताबिक 22 मार्च को दोपहर लगभग 12:00 बजे सोनू साइकिल से घर से निकला और तू घर वापस नहीं आया हम लोग उसकी काफी खोजबीन कर रहे थे लेकिन उसका कहीं पता चल नहीं रहा था। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने शव को पोखरे से निकालकर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया।

### शांति व्यवस्था कायम रखने के लिऐ पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



प्रखर गोरखपुर। चैत्र नवरात्र व रमजान माह में थाना प्रभारियों के साथ पैदल गस्त कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराते हुए भीड़भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं बच्चों का ध्यान रखते हुए आम जनमानस को सुरक्षा प्रदान करते हुए रामनवमी व अन्य त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए खजनी कस्बा में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए फ्लैग मार्च कर आम जनमानस महिला व बच्चों को सुरक्षा प्रदान करते हुए किया गया फ्लैग मार्च।

### पंचायत भवन में रखे कंप्यूटर व प्रिंटर पर चोरों ने किया हाथ साफ




प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। क्षेत्र के मादापुर ग्राम सभा के पंचायत भवन में लगे कंप्यूटर और प्रिंटर पर चोरों ने किया हाथ साफ 1 हफ्ते के अंदर विकासखंड जमालपुर के दो ग्राम सभाओं के पंचायत भवन में लगे कंप्यूटर प्रिंटर पर हौसला बुलंद चोरों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस के लिए चुनौती पेश कर दी है। ग्राम प्रधान विकास यादव ने तहरीर देकर बताया कि। बीते गुरुवार देर रात अज्ञात चोरों द्वारा पंचायत भवन का ताला तोड़कर उसमें लगे कंप्यूटर व प्रिंटर को उठा ले गए, ग्राम प्रधान विकास यादव ने तहरीर के माध्यम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। हफ्ते भर के अंदर विकासखंड जमालपुर के दो ग्राम सभाओं के पंचायत भवन से कंप्यूटर प्रिंटर की चोरी पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है, बीते सोमवार की देर रात्रि ग्राम सभा जसवा के पंचायत भवन से भी चोरों ने कंप्यूटर और प्रिंटर की चोरी की थी जिसका अभी पुलिस ने खुलासा भी नहीं किया था कि विकासखंड जमालपुर के ही मदापुर ग्राम सभा के पंचायत भवन से चोरों ने कंप्यूटर प्रिंटर चोरी कर पुलिस के लिए चुनौती पेश कर दी।

### मतदाता सूची से नाम गायब होने पर लोगों ने आपत्ति जाहिर कर किया प्रदर्शन

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। जिला सहकारी संघ समिति अहरौरा चुनाव में हुआ निर्वाचन के लिए ओटर लिस्ट का प्रकाशन 22/03/2023 को किया गया जिसमें मतदाताओं ने सूची का जब जांच किया तो लगभग 78 लोगों के नाम निर्वाचन सूची से विलुप्त मिला जिसको देखने हुए 78 लोगों ने आपत्ति जाहिर कर मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रदर्शन करते रहे इस अवसर पर उपस्थित मतदाता सूची के हकदार सचिव मुदार्बाद के नारे लगाए वही मौके पर मिलें निर्वाचन अधिकारी अरूण सिंह को लोगों ने ज्ञापन सौंपा जिसमें निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आपत्ति हमने लेली है सचिव से वर्ता कर इस विषय में कल तक का समय दिया है वहा उपस्थित मनोज गुप्ता, राजेश सिंह, राम त्रिपाठी, सदानंद यादव, रामविलास, महेश, कमलेश , मुलायम यादव, आदि सैकड़ों मतदाता मौजूद रहे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं